WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 5 | आस-पास 7 | खेल/ बिजनेस

RNI NO - MPHIN/2020 /81503 जबलपुर, सोमवार 24 नवंबर 2025 , शुक्ल पक्ष तृतीया, विक्रम संवत -2082 , वर्ष -5 अंक - 113 पृष्ठ -08 मूल्य-4 रूपए जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आम आदमी पार्टी के नेताओं के बयान खास ही होते हैं। जब से नई दिल्ली के झाड़ू वालों का सफाया हुआ है वे लगातार बयानों की झड़ी लगाये हुए हैं। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के बड़बोले राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बयान दिया है कि कट्टर ईमानदार अरविंद केजरीवाल को यदि चुनाव आयोग का अध्यक्ष बना दिया जाये तो वोट चोरी रूक जाएगी और भाजपा एक भी चुनाव नहीं जीत पाएगी। बोलने दो बेचारों को दर्द हुआ है। बिहार विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर जमानत जब्त कराने वाली आम आदमी पार्टी के नेताओं की पीड़ा स्वाभाविक है।

विरासत से विकास के पथ पर अग्रसर है गंजबासौदा : सीएम यादव

राष्ट्रवादी विचारधारा का केंद्र रहा विदिशा, कृषि और उद्योग में भी दे रहा महत्वपूर्ण योगदान

केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर प्रदेश के विकास को देंगे गतिः केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान

विदिशा जिले के गंजबासौदा में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रवादी विचार धारा का केन्द्र रहा विदिशा जिला, राजमाता सिंधिया, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रद्धेय श्रीमती सुषमा स्वराज्य की कर्म भूमि रही है। वर्तमान में यह क्षेत्र कृषि, उद्योग और व्यापार-व्यवसाय में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। गंजबासौदा विरासत से विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार अन्नदाता, गरीब, महिला और युवाओं के कल्याण के

लिए समर्पित है। सनातन संस्कृति को सर्वेभवन्तु सुखिनः-सर्वे संतु निरामयाः और वसुधैव कुटुम्बकम् के भाव के अनुसार सबके कल्याण के लिए राज्य सरकार समर्पित भाव से कार्य कर रही है। समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास गतिविधियों का लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को विदिशा जिले के गंजबासौदा में सिविल अस्पताल के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण सहित अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन को कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, विदिशा के प्रभारी, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने त्योंदा में कॉलेज खोलने, ग्यारसपुर को नगर पंचायत बनाने, गंजबासौदा नगर पालिका की सीमा बढ़ाने, गंजबासौद में नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज आरंभ करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या-पूजन के साथ हुआ। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लखनऊ में भागवत बोले- धर्म के लिए लड़ना होगा

योगी बोले- आरएसएस सामाजिक समर्थन से चलता है, विदेशी फंडिंग से नहीं

लखनऊ/ए। लखनऊ में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और सीएम योगी ने र?विवार को दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव में मंच साझा किया। मोहन भागवत ने कहा- हमारा भारत पूरी दुनिया का विश्वगुरु था। दुनिया के लिए एक बड़ा सहारा था। कभी चक्रवर्ती सम्राट भी होते थे। हजारों साल तक आक्रमणकारियों के पैरों तले रौंदा गया। हमें गुलामी में जीना पड़ा। धार्मिक स्थलों को नष्ट किया गया। जबरदस्ती धर्मांतरण हुए, लेकिन तब भी भारत था। वह वैभव के दिन नहीं रहे, लेकिन आक्रमण के दिन भी चले गए। अब हम राममंदिर पर झंडा फहराने वाले हैं। हमें धर्म रक्षा के लिए लड़ना है। विश्व में शांति की स्थापना गीता के माध्यम से ही की जा सकती है। सीएम योगी ने कहा- विदेशी नेता और डिप्लोमेट अक्सर पूछते हैं कि संघ कैसे काम करता है।

एफपीआई ने नवंबर में किया 3,504 करोड़ रुपये का निवेश

मुंबई, (वार्ता)। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने नवंबर में अबतक भारतीय पूंजी बाजार में 3,504 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में एफपीआई इक्विटी बाजार में शुद्ध रूप से बिकवाल रहे जबकि डेट, हाइब्रिड इनस्ट्रूमेंट और म्यूचुअल फंडों में उनका निवेश सकारात्मक रहा है। उन्होंने इक्विटी से इस महीने 3,788 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। डेट में उनका शुद्ध निवेश 4,467 करोड़ रुपये और म्यूचुअल फंड में 2,713.33 करोड़ रुपये रहा है। हाइब्रिड इनस्ट्रूमेंट्स में भी एफपीआई ने 112.16 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह लगातार दूसरा महीना है जब एफपीआई भारतीय पूंजी बाजार में सकारात्मक बने हुए हैं। अक्टूबर में उन्होंने 35,246 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था जबकि जून से सितंबर तक चार महीने लगातार बिकवाल रहे थे। एफपीआई ने मौजूदा कैलेंडर वर्ष में भारतीय पूंजी बाजार से कुल 45,861 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। उन्होंने इक्विटी बाजार से 1,37,516 करोड़ रुपये निकाले हैं। वहीं, डेट में उन्होंने 87,083 करोड़ रुपये और म्यूचुअल फंड में 2,716 करोड़ रुपये लगाये हैं।

संसद के शीतकालीन सत्र में चंडीगढ़ से संबंधित विधेयक नहीं लाया जाएगा: गृह मंत्रालय

नयी दिल्ली (वार्ता)। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की वैधानिक स्थिति बदलने के बारे में आ रही रिपोर्टों के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अभी चंडीगढ़ के लिये केंद्र द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन है और इस संबंध में संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक लाने का कोयी प्रस्ताव नहीं है। इन रिपोर्टों के कारण सियासी हलकों में तीखी प्रक्रिया हो रही है।

जी20 में 20 ग्लोबल लीडर्स से मिले पीएम मोदी, कहा-

डीपफेक और आतंकवाद में एआई के इस्तेमाल पर रोक जरूरीः पीएम मोदी

■ ग्लोबल कॉम्पैक्ट होना जरूरी, निगरानी, सुरक्षा और पारदर्शिता

■ वैश्विक संस्थाओं में सुधार अब विकल्प नहीं बल्कि जरूरी

जोहान्सबर्ग/नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को समिट के तीसरे सेशन में दुनिया को एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है, इसलिए सभी देशों को मिलकर इसके लिए मजबूत नियम-कानून बनाने चाहिए। मोदी ने कहा कि एआई पर एक ग्लोबल कॉम्पैक्ट (यानी अंतरराष्ट्रीय समझौता) होना जरूरी है। इसमें तीन चीजें सबसे जरूरी होंगी। निगरानी, सुरक्षा और पारदर्शिता। **डीपफेक, अपराध और आतंकवाद में एआई का इस्तेमालः** उन्होंने खास तौर पर चेतावनी दी कि डीपफेक वीडियो-ऑडियो, अपराध और आतंकवाद में एआई का इस्तेमाल बहुत खतरनाक है। मोदी ने कहा कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो एआई का गलत इस्तेमाल समाज के लिए बड़ी समस्या बन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

4 मुद्दों पर रखी बात

वैश्विक संस्थाओं में सुधार जरूरीः आईबीएसए को दुनिया को एक संदेश देना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधार अब वैकल्पिक नहीं, बल्कि जरूरी हो गया है। ये संस्थाएं 21वीं सदी की वास्तविकता से बहुत दूर हो चुकी हैं। अब बदलाव का समय आ गया है।

आतंकवाद के खिलाफ एकजुट लड़ाईः आतंकवाद के मुद्दे पर कोई दोहरा मापदंड नहीं चल सकता। तीनों देशों को इस लड़ाई में पूरा समन्वय रखना होगा।

आईबीएसए डिजिटल इनोवेशन एलायंस की शुरुआतः तकनीक का इस्तेमाल इंसान-केंद्रित विकास के लिए किया जाए। इसके लिए एक नया 'आईबीएसए डिजिटल इनोवेशन अलायंस' बनाया जाना चाहिए।

आईबीएसए फंड फॉर क्लाइमेट-रेजिलिएंट एग्रीकल्चरः खाद्य सुरक्षा और सतत विकास के लिए आईबीएसए फंड फॉर क्लाइमेट-रेजिलिएंट एग्रीकल्चर शुरू किया जाए। यह कोष जलवायु परिवर्तन से प्रभावित कृषि को मजबूत बनाने में मदद करेगा।

राष्ट्रपति रामफोसा के साथ बैठक

मोदी ने एक्स पर बताया कि, 'जोहान्सबर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति रामफोसा के साथ शानदार बैठक हुई। हमने भारत-दक्षिण अफ्रीका साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा की, विशेष रूप से ट्रेड, कल्चर, इंवेस्टमेंट और टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट, एआई, रेयर अर्थ मेटल में सहयोग में विविधता लाने पर। इसके साथ ही मोदी ने जी20 की सफल अध्यक्षता के लिए राष्ट्रपति रामफोसा को बधाई दी।

सैटेलाइट डेटा पार्टनरशिप का प्रस्ताव

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को पूरी मानवता के लिए फायदेमंद बताते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भारत का मानना है कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से पूरी मानवता को लाभ हो। इसलिए, भारत जी20 ओपन सैटेलाइट डेटा पार्टनरशिप का प्रस्ताव कर रहा है। इससे जी20 अंतरिक्ष एजेंसियों का सैटेलाइट डेटा और विश्लेषण दक्षिणी देशों के लिए अधिक सुलभ, अंतर-कार्यकारी और उपयोगी बनाया जा सकेगा।

टीम का ऐलान, 3 दिसंबर को रायपुर में होगा मैच

■ केएल राहुल बने कप्तान, ऋतुराज की सरप्राइज एंट्री

नई दिल्ली/ए। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान 23 नवंबर (रविवार) को कर दिया गया। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल करने जा रहे हैं। नियमित कप्तान शुभमन गिल नेक इंजरी के चलते सेलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं थे, इसी कारण राहुल को ये बड़ी जिम्मेदारी मिली है। भारतीय वनडे टीम में तिलक वर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ को भी शामिल किया गया है। साउथ अफ्रीका-ए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीरीज का शेड्यूल

1 वनडे- 30 नवंबर, रांची
2 वनडे- 3 दिसंबर, रायपुर
3 वनडे- 6 दिसंबर, विशाखापत्तनम
पहला टी20- 9 दिसंबर, कटक
दूसरा टी20- 11 दिसंबर, मुल्लांपुर
तीसरा टी20- 14 दिसंबर, धर्मशाला
चौथा टी20- 17 दिसंबर, लखनऊ
पांचवा टी20- 19 दिसंबर, अहमदाबाद

वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, केएल राहुल (कप्तान/विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, ऋतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

एयरफोर्स पत्नी अफशान और परिवार का छलका दर्द

तेजस क्रैशः विंग कमांडर नमांश को दी अंतिम विदाई

कांगड़ा। तेजस क्रैश में शहीद हुए विंग कमांडर नमांश स्याल को शनिवार को उनके परिवार ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। दुबई एयर शो के दौरान हुए हादसे के बाद उनका पार्थिव शरीर कांगड़ा एयरपोर्ट लाया गया, जहां बेहद भावुक दृश्य देखने को मिले। वीडियो में दिखा कि विंग कमांडर स्याल की पत्नी विंग कमांडर अफशान, उनकी छोटी बेटी और पिता अपने प्रिय बेटे और पति को अंतिम बार विदा करते हुए फूट-फूटकर रो पड़े। परिवार का दर्द हर किसी का दिल तोड़ देने वाला था।

34 वर्ष की उम्र में देश के लिए शहीद हुए नमांश स्यालः नमांश स्याल हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के नागरोटा

के रहने वाले थे। उनकी पत्नी अफशान भी भारतीय वायुसेना में विंग कमांडर हैं। उनके पिता भी आईएएफ से रिटायर हो चुके हैं और सेवानिवृत्ति के बाद शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे थे।

सुबह सुलूर एयर बेस पहुंचा पार्थिव शरीर : इससे पहले शनिवार सुबह विंग कमांडर नमांश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन्दौर स्वच्छता और स्वाद के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बनाएगा विशेष पहचान : सीएम यादव

फिटनेस, सामूहिक चेतना और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित वन इन्दौर-रन इन्दौर मैराथन इन्दौर के लिए गर्व का विषय

अपने शहर के लिए बेहतर करने की इन्दौरवासियों की ऊर्जा, भावना और सामूहिक संकल्प शक्ति सराहनीय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन इन्दौर-रन इन्दौर मैराथन को वर्चुअली किया संबोधित

भोपाल/नवप्रदेश।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर ने स्वच्छता और स्वाद के क्षेत्र में विश्व में विशेष पहचान बनाई है। आज की मैराथन, इंदौर को स्वास्थ्य क्षेत्र में भी विशेष पहचान देगी। स्वास्थ्य की मूल आधार दौड़ है और दौड़ के लिए इतनी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हैं। यह इन्दौरवासियों की ऊर्जा और सामूहिक संकल्प शक्ति से शहर के लिए कुछ बेहतर करने की उनकी भावना को प्रकट करती है। सकारात्मक पहल के परिणाम सदैव बेहतर होते हैं। इंदौर इस मैराथन के माध्यम से स्वास्थ्य के क्षेत्र में रिकॉर्ड स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को प्रातः 7 बजे वन इन्दौर-रन इन्दौर मैराथन के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित इन्दौरवासियों को मुख्यमंत्री निवास भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड में बहेगी विकास की गंगा : सीएम यादव

50 करोड़ रुपए से अधिक के 16 निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मुख्यमंत्री ने की घोषणा, लांच नदी परियोजना की स्वीकृति, शाहगढ़ में बनेगा सिविल अस्पताल, बण्डा में बनेगा सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम

दुग्ध उत्पादन को बढावा देने एवं गौशाला खोलने पर 10 लाख तक का दिया जाएगा अनुदान

हर जनपद पंचायत क्षेत्र में बनाए जाएंगे वृन्दावन ग्राम एवं गीता भवन

मुख्यमंत्री ने बण्डा में किया नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड के हर खेत को पानी मिलेगा। इससे क्षेत्र में समृद्धि आएगी।

किसान अपने खेतों को समृद्ध बनायें और किसी हालत में अपनी कृषि भूमि न बेचें। केन-बेतवा लिंक परियोजना से आने वाला समय कृषि के लिये बहुत लाभकारी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों का सर्वांगीण विकास सरकार की प्राथमिकता है। मध्यप्रदेश में खेती के साथ साथ पशुपालन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। पशुपालन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गौशाला खोलने के लिए अनुदान राज्य सरकार दे रही है। मध्यप्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में नंबर वन बनाने का कार्य किया जाएगा। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढाने के लिए 25 गायों के साथ गौशाला खोलने पर 40 लाख रुपए में से 10 लाख तक का अनुदान देने का कार्य मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को सागर जिले की तहसील बण्डा में सांदीपनि विद्यालय भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 50.65 करोड़ रुपए के 16 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। साथ ही सागर जिले की बहुप्रतीक्षित लांच नदी परियोजना की स्वीकृति की घोषणा की। शाहगढ़ में सिविल अस्पताल बनाने, बण्डा में सर्वसुविधा युक्त स्टेडियम, सिविल अस्पताल, बण्डा में पोस्टमार्टम हाउस, बण्डा क्षेत्र में राखसी, चकेरी, विनेयका में भवन विहीन स्कूलों के लिए भवन बनाने की घोषणा भी की।

■ शेष पृष्ठ 6 पर

पिता की तबीयत बिगड़ी, स्मृति और पलाश की शादी टली

सांगली/ए। महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और म्यूजिक डायरेक्टर पलाश मुछाल की आज होने वाली शादी फिलहाल टल गई है। यह शादी महाराष्ट्र के सांगली में होनी थी, लेकिन स्मृति के पिता की तबीयत खराब होने के कारण अब यह समारोह स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी स्मृति के मैनेजर तुहिन मिश्रा ने दी है। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात सांगली के समडोली रोड पर मंधाना फार्म हाउस में मेहंदी और संगीत समारोह आयोजित किया गया था। रविवार दोपहर शादी की रस्में शुरू होने वाली थीं। इससे पहले ही स्मृति के पिता श्रीनिवास मंधाना की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें तुरंत इलाज के लिए सांगली के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस सख्त

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ के सरगुजा जिले में फर्राटे से दौड़ रही ई रिक्शा चालकों पर यातायात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत लापरवाही बरतने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं बार-बार समझाइस देने के बावजूद ई रिक्शा चालक यूनिफॉर्म ड्रेस नहीं पहन रहे थे। इस दौरान वाहन चालकों से स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट का उपयोग करने के लिए कहा गया। ई-रिक्शा चालकों द्वारा लापरवाही, ओवरलोडिंग, नाबालिगों से ड्राइविंग और नियमों का पालन न करने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें लोगों की जान को खतरा होता है। इनमें से कुछ मुख्य कारण हैं क्षमता से अधिक सवारी बैठाना, बिना लाइसेंस या फिटनेस के गाड़ी चलाना, खतरनाक तरीके से मोड़ लेना और तेज रफ्तार।पुलिस ने बताया कि, शहर में लगभग 10 हजार से अधिक ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं। ई-रिक्शा चालक बगैर नंबर, ड्रेस, लाईसेंस के सड़कों पर दौड़ रहे है। इसके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ऐसे चालकों पर नजर रखी हुई है।

वीर बाल दिवस पर 5 हजार बच्चों को साहस और राष्ट्रभक्ति की देंगे सीख

रायपुर/नवप्रदेश। सिख पंथ के साहिबजादा जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के अतुलनीय साहस और अद्वितीय बलिदान का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की है। इस दिन को ऐतिहासिक रूप से मनाने छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंयक आयोग द्वारा 20 दिसंबर को रायपुर में एक भव्य एवं प्रेरणादायी वीर बाल रैली आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। बच्चों में वीरता, राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों का संचार करना मकसद है। समाज में भाईचारा, मानवीय मूल्यों तथा सेवा भावना को बढ़ावा देना है।इस रैली में रायपुर जिले एवं आसपास क्षेत्रों के लगभग 5000 स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल होंगे, जिनमें एनएसएस, एनसीसी, स्काउट-गाइड, तथा वीरता खेलों जैसे ताइक्कांडो, बॉक्सिंग, किक बॉक्सिंग, जूडो, कराटे, फेंगशुई, गतका आदि से जुड़े खिलाड़ी विशेष रूप से भाग लेंगे। लगभग 1000 बच्चे सिख वेशभूषा में शामिल होंगे। रैली का मुय उद्देश्य साहिबजादों के अदय साहस, धर्मनिष्ठा और अटल विश्वास की गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। वीर बाल रैली में मुय आकर्षण साहिबजादों के बलिदान पर आधारित ऐतिहासिक झांकी, वीरता खेल मार्शल आर्ट गतका का प्रदर्शन साथ ही ताइक्कांडो, जूडो, बॉक्सिंग, कराटे आदि का जीवंत प्रदर्शन, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की प्रेरणा मिलेगी।

धर्मान्तरित महिला के शव दफ़्न को लेकर हुआ बवाल

कांकेर/दुर्ग/नवप्रदेश। कांकेर और दुर्ग जिले से धर्म परिवर्तन के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। दुर्ग में सामाजिक बैठक की आड़ में धर्मपरिवर्तन को लेकर विवाद गहरा गया। साहू समाज के व्यक्ति पर धर्मान्तरण कराने का आरोप लगा है। आरोपी व्यक्ति ने पूर्व में खुद भी धर्मपरिवर्तन कर चूका है। मामले में विवाद बढ़ता देख तहसीलदार और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान अधिकारी ग्रामीणों को समझाइश देते हुए नजर आए। पूरा मामला नेवई थाना क्षेत्र का है। वहीं कांकेर विधायक आशाराम नेताम के गृह ग्राम बेवरती में भी धर्मान्तरित महिला के शव दफ़्न को लेकर जमकर विवाद हो गया। इस दौरान महिला की मौत के बाद गांव का एक परिवार शव दफ़्न की तैयारी कर रहा था। इसी बीच ग्रामीणों ने धर्मान्तरित महिला के शव दफ़्न का विरोध किया। परिवार को ग्रामीणों ने घेरा लिया है।

एसआईआर को लेकर दबाव में बीएलओ, आधी रात तक कर रहे फॉर्म अपलोड

कोरबा/नवप्रदेश। विधानसभा की चारों सीटों पर वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जारी है। विधानसभा की सभी सीटों पर गणना पत्रक (एन्यूमरेशन फॉर्म) के वितरण का कार्य चल रहा है। भरे गए गणना पत्र को वोटर से वापस लेकर बीएलओ निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर रहे हैं। इसे गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन कहा जा रहा है।

यह कार्य चार नवंबर से शुरू हुआ है, जो चार दिसंबर तक जारी रहेगा। इसी अवधि में गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन का कार्य किया जाना है। जैसे- जैसे यह तिथि नजदीक आ रही है। बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और उनके सुपरवाइजर की परेशानी बढ़ती जा रही है। दोनों भारी दबाव में काम कर रहे हैं। आयोग

की ओर से सौंपें गए कार्य को पूरा करने के लिए ऐसे आंकड़े जारी कर रहे हैं, जिससे कोरबा शहर के कई बीएलओ संदेह के दायरे में आ गए हैं। इसके पीछे बड़ा कारण गणना पत्रक का शत फीसदी वितरण बताया जाना है। खासकर ऐसे जगह जहां पर शत फीसदी मतदाताओं तक गणना पत्रक पहुंचा ही नहीं हैं, जैसे पंप हाउस कॉलोनी, मुड़ापार, शारदा विहार, अमरैयापारा, बालकोनगर, रिसदा, कुसमुंडा, पुरानी बस्ती कोरबा आदि शामिल हैं। इन इलाके में काम करने वाले कुछ बीएलओ भी मान रहे हैं कि उनके पास वितरण के लिए अभी भी कुछ गणना पत्रक बचे हुए हैं। संबंधित पते पर जाकर वोटर की पतासाजी की गई है, लेकिन वोटर वहां नहीं मिले हैं। ऐसे वोटर को बीएलओ मान रहे हैं कि उन तक गणना पत्रक पहुंच गया है। कोरबा विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश बीएलओ ने अपने मोबाइल एप में आयोग को जानकारी देकर बताया है कि उन्होंने गणना पत्रक को बांटने का काम लगभग पूरा कर लिया है। लगभग सभी बूथों पर शत फीसदी गणना पत्रक को बांट दिया गया है। यदि किसी वोटर को गणना पत्रक नहीं मिला है तो वे अपने क्षेत्र के बीएलओ से सपर्क करें।

तहसील कार्यालय से भी किए जा रहे अपलोड

कई बीएलओ ने बताया कि तहसील कार्यालय से कुछ कर्मचारियों के फोन आ रहे हैं। इसमें बीएलओ एप में लॉगिंग के लिए आईडी और पासवड के साथ ओटीपी मांगी जा रही है। आना कानी करने वाले बीएलओ को स्पष्ट शब्दों में कहा जा रहा है कि उन पर काम का दबाव अधिक है। बीएलओ के ओटीपी देने पर गणना पत्रक के शत फीसदी तक पहुंचाने वाले कॉलम में संख्या दर्ज की जा रही है। इससे कई बीएलओ परेशान हैं।

धमतरी में धर्मांतरण के बहाने महिला से गैंगरेप

■ **पीड़िता बोली- प्रार्थना से बेटी की तबीयत ठीक होने की बात कही, घर बुलाकर किया दुष्कर्म**

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में गैंगरेप का मामला सामने आया है। मगरलोड थाना क्षेत्र में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि धर्मांतरण का झांसा देकर चार लोगों ने उसके साथ रेप किया है। ये क्रम करीब 3 साल तक चलता रहा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर शनिवार को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच जारी है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने उसे ईसाई धर्म में शामिल होने और प्रार्थना करने से उसकी बेटी की तबीयत ठीक होने का आश्वासन दिया था। इसी बहाने उसे प्रार्थना के लिए अपने घर बुलाया गया, जहां उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया।

घर पहुंचकर भी किया रेप

शिकायत के मुताबिक, महिला अपनी बेटी की बीमारी से पिछले आठ साल से परेशान थी। 17 जनवरी 2022 को तड़के लगभग 3 बजे उसकी बेटी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इस पर महिला ने जब आरोपियों से संपर्क किया तो आरोपियों ने उसे कहा कि ईसा मसीह को मानने के बाद हिंदू देवी देवताओं की पूजा करना गलत है। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे अपमानित किया, जान से मारने की धमकी दी और कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। 15 जून 2025 को आखिरी बार दुष्कर्म हुआ। इस शिकायत के आधार पर मगरलोड थाना पुलिस ने धारा 70(1),299 बीएनएस एवं 4 छ.ग. धामिक स्वतंत्रता अधिनियम 1968 कायम कर विवेचना में लिया गया।

आरोपियों में ये शामिल

धनेश साहू, ग्राम कमरौद
मुनेश साहू, ग्राम सेन्हाभाठा
नंदू साहू, ग्राम सेन्हाभाठा
नरेन्द्र महार, खैरझिटी

थाना प्रभारी से संपर्क नहीं

इस मामले में जानकारी लेने के लिए मगरलोड थाने के टेलीफोन नंबर पर चार बार और थाना प्रभारी के निजी नंबर पर सात बार संपर्क करने का प्रयास किया गया। इसके अलावा कुरूद एसडीओपी से भी मोबाइल फोन पर जानकारी लेने की कोशिश की गई, लेकिन किसी भी अधिकारी से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

अमीन भर्ती परीक्षा 7 को, साढ़े नौ हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर की ओर से आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा सात दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 02.15 बजे तक जिले के 31 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। इसमें कुल नौ हजार 502 परीक्षार्थी शामिल होंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के संचालन के लिए सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। परीक्षार्थियों के लिये निर्देश जारी किया गया है कि परीक्षा दोपहर 12 बजे से 02.15 बजे तक आयोजित होगी।परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व 11.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचेंगें। ताकि सभी अभ्यर्थिओं का मेटल डिटेक्टर तथा फ्रिस्किंग जांच किया जा सके। परीक्षार्थी को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनना होगा। फूट बियर के रूप में चप्पल पहनेंगे। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउज, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जायेगी। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा।

प्रेम विवाह में दरार, नवविवाहिता ने की खुदकुशी, दर्ज हुआ बयान

कोरबा/नवप्रदेश। प्रेम विवाह के कुछ महीने बाद एक नवविवाहिता ने खुदकुशी कर ली। घटना का कारण नवविवाहिता के ससुराल में चल रहे घरेलू कलह बताया गया है। हालांकि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के कार्यपालिक दंडाधिकारी ने भी लड़की के मायके वालों का बयान दर्ज किया।घटना मानिकपुर चौकी अंतर्गत अमरैयापारा की है। क्षेत्र में रहने वाले अरूण कोसले ने जांजगीर-चांपा जिले की ग्राम आमाखोखरा में रहने वाली मधु सूर्यवंशी के साथ प्रेम विवाह किया था। पति-पत्नी अमरैयापारा के एक मकान में रहते थे। शनिवार को मधु ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की वजह स्पष्ट नहीं है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। इस बीच कार्यपालिक दंडाधिकारी ने मधु के माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्यों का बयान दर्ज किया है। इसमें बताया गया है कि मधु ने जब अरूण से प्रेम विवाह किया था तब से वह अपने ससुराल में रह रही थी। मधु की सास और परिवार के अन्य सदस्य बार-बार यह ताना देते थे कि खाली हाथ ससुराल आई है। मायके से दान-दहेज नहीं लाई है। इसे लेकर परिवार में झगड़ा होता था। बताया जाता है कि एक दिन पहले शुक्रवार को भी परिवार में विवाद हुआ था। यह झगड़ा मधु और उसके सास के बीच हुई थी। आशंका है कि घरेलू कलह ही उसकी मौत का कारण बना होगा।

हिड़मा को श्रद्धांजलि, भाजपा ने कहा कांग्रेस का चेहरा उजागर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सह-सचिव प्रीति मांझी ने देश के सबसे कुयात नक्सलियों में से एक हिड़मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है। बीजेपी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने इसे देश के प्रति कांग्रेस के असली रुख के तौर पर पेश किया और कांग्रेस की विचारधारा पर सवाल उठाए।हिड़मा जो सैकड़ों जवानों की निर्मम हत्या, निर्दोष आदिवासियों पर अत्याचार और विकास कार्यों में रुकावट डालने के लिए जिमेदार रहा है को श्रद्धांजलि देना कांग्रेस के लिए एक गंभीर मसला बन चुका है। कोमल सिंह ने कहा कि यह न केवल निंदनीय है, बल्कि यह नक्सलवाद को वैचारिक समर्थन देने जैसा है। बीजेपी का कहना है कि यह घटना कांग्रेस के असली चरित्र को उजागर करती है, जहां शीर्ष पदों पर बैठे नेता नक्सलवादियों के साथ खड़े दिखाई देते हैं, जो हिंसा और अराजकता फैलाने में लगे रहते हैं।

बीमा क्लेम रिजेक्ट, अब कंपनी को देने होंगे एक लाख 20 हजार

जगदलपुर।/नवप्रदेश। जगदलपुर. जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनियों के टालमटोल रवैये पर करारा रूख दिखाते हुए निवा ब्यूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी को एक कैंसर पीड़ित की पत्नी को 1 लाख रुपए चिकित्सा व्यय के साथ-साथ मानसिक पीड़ा के लिए 10 हजार रुपये अदा करने का आदेश दिया है। इसके अलावा, ऋण प्रदाता बजाज फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को भी सहयोग न करने के लिए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह आदेश जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल और सदस्य आलोक कुमार दुबे की संयुक्त खंडपीठ ने पारित किया। दरअसल जगदलपुर निवासी अर्जुन बिसाई ने बजाज फाइनेंस से ऋण लेते समय निवा ब्यूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के साथ बीमा पॉलिसी कराई थी। बीमा अवधि के दौरान अर्जुन को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो गई, जिसके इलाज में भारी खर्च हुआ। दावे के बाद उनकी असामयिक मृत्यु हो गई। पत्नी रुक्मणी बिसाई ने बीमा कंपनी के समक्ष इलाज व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए दावा प्रस्तुत किया, लेकिन कंपनी ने आवश्यक दस्तावेज न देने का हवाला देकर इसे खारिज कर दिया। जिसके बाद रुक्मणी ने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज की। सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि अर्जुन ने सभी जरूरी दस्तावेज समय पर जमा कर दिए थे, लेकिन बीमा कंपनी ने क्षतिपूर्ति से बचने के लिए जानबूझकर टालमटोल किया।

तमनार रेंज में हाथियों ने 12 किसानों की फसले रौंदी, किसान कर रहे रतजगा

■ **34 हाथियों का दल खेत में पहुंचा; आग जलाकर रात भर निगरानी करते रहे ग्रामीण**

रायगढ़ /नवप्रदेश। रायगढ़ जिले में हाथियों ने एक बार फिर से किसानों की फसल को बर्बाद कर दिया है। 22 नवंबर की रात 34 हाथियों का दल में जंगल से निकलकर खेतों में पहुंचा। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों व वन अमला को लगी, मौके पर पहुंचकर उन्हें खदेड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन हाथी रात भर डटे थे और ग्रामीण आग जलाकर निगरानी करते रहे।

तमनार रेंज में 34 हाथियों का दल-वन मंडल रायगढ़ के तमनार रेंज में पिछले

कुछ दिनों से 34 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जहां बीती रात हाथियों का दल सामारूमा व सराईपाली बीट के हर्राडीही गांव में पहुंचा। यहां कुछ किसानों की फसल को नुकसान करने के बाद हाथियों का दल जामडबरी और सामारूमा में पहुंचे और खेतों में घुसकर 10 किसानों की फसल को बर्बाद कर दिया। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों और वनकर्मियों को लगी, तो वे मौके पर पहुंच गए और हाथियों को भगाने के लिए काफी प्रयास किया।

रात भर निगरानी करते रहे

इसके बाद भी हाथी रात भर भागे नहीं और वहीं डटे रहे। ऐसे में ग्रामीण व वनकर्मियों ने आग जलाकर रात भर वहीं निगरानी करते रहे। सुबह होने से पहले हाथियों का दल वापस जंगल की ओर चले गया। बताया जा रहा है कि हाथियों का दल यह सड़कों पर भी आ रहा है। वनकर्मियों के साथ ही ग्रामीणों ने हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन वे रात भर खेतों में रहे।

घरघोड़ा रेंज के छर्राटांगर में भी नुकसान-तमनार रेंज के अलावा घरघोड़ा रेंज में भी हाथियों ने 2 किसानों की फसल बर्बाद की है। रायगढ़ वन मंडल में 40 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसमें तमनार रेंज में 34 हाथी, रायगढ़ के पड़िगांव में 2, घरघोड़ा रेंज के छर्राटांगर बीट में 3 और कमतरा में 1 किसान का फसल बर्बाद हुई है।

भीषण सड़क हादसा: ट्रक ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर, दो एमबीबीएस छात्रों की मौत

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर नेशनल हाईवे पर हाईवे ढाबा के करीब तेज रफ्तार ट्रक ने सामने आ रही बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मेडिकल छात्रा आली श्रीवास्तव ने उपचार के दौरान डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। वह जगदलपुर मेडिकल में एमबीबीएस कर रही थी। इस घटना से मीडिया जगत में शोक व्याप्त है। बताया जा रहा है कि, परपा थाना क्षेत्र स्थित हाइवे इन ढाबा के सामने यह हादसा दोपहर लगभग 3 बजे हुआ। जब मेडिकल स्टूडेंट अंकित दानी निवासी भिलाई सेक्टर 7 और आली श्रीवास्तव निवासी रायपुर,

जो जगदलपुर से मेकाज आ रहे थे।

इलाज के दौरान ही छात्रा आली की मौत

इसी दौरान दावा के सामने आयरन ओर से लदे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए, वहीं बाइक सवार अंकित की मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठी आली श्रीवास्तव को गंभीर स्थिति में डिमरापाल मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी लगते ही मेडिकल छात्रों व डाक्टरों का जमावड़ा अस्पताल में लग गया। बताया जा रहा है कि, दोनों मृतक मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में वर्ष 2021 बैच के थे। घटना की जानकारी कैम्पस में लग गई और सीनियर डॉक्टरों व सहपाठियों का अस्पताल आना शुरू हो गया।

ट्रक के सामने के हिस्से में फंस गई थी बाइक

बाइक ट्रक के सामने के हिस्से में फंस गई थी। चालक ने बाहक को अपने सथ घसीटते हुए 100 मोटर आगे ले जाक रोक दिया। इस दौरान आसपास के लोगों ने दोनों को मेकाज पहुंचाया था। पुलिस से ट्रक का जब्त कर चालक को हिरासत में लेकर आगे की जांच कर रही है। दोनों के शव को मेकाज के मरव्यूरी में रखा गया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। रविवार को पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्व किया जाएगा।

बछड़े की एक टांग काटकर ले गया अज्ञात व्यक्ति, लोगों में भारी आक्रोश

बलौदा बाजार/नवप्रदेश। बलौदा बाजार जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के ग्राम कोलिहा में कांजी हाउस के सामने अज्ञात व्यक्ति बछड़े का एक पिछला पैर काटकर ले गया। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल बछड़े की तड़प- तड़पकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर गांव समेत पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। सुबह करीब 7 बजे जब ग्रामीणों ने खून से लथपथ मृत बछड़े को देखा तो तत्काल इसकी जानकारी पूरे गांव और आसपास के इलाकों में फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा, जनप्रतिनिधि एवं गौसेवक मौके पर पहुंचने लगे। सरपंच गीता संतोष साहू, जनपद सदस्य रामजी निषाद सहित भारी भीड़ घटना स्थल पर मौजूद रही।

कड़ी कार्रवाई की मांग : घटनास्थल पर मौजूद गौ सेवकों ने इसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य बताया और कड़ी कार्रवाई की मांग की। कुछ उग्र गौसेवकों ने अपराधियों को कड़ी चेतावनी भी दी, हालांकि पुलिस ने लोगों से संयम रखने की अपील की है। घटना की सूचना मिलते ही थाना भाटापारा ग्रामीण की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्राथमिक जांच शुरू की।

विद्युत विभाग ने 7.32 लाख बकाये की वसूली 151 कनेक्शन काटे

बेमेतरा/नवप्रदेश। विद्युत विभाग ने बिजली बिल बकाएदारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शहर भर में डिस्कनेक्शन अभियान शुरू कर दिया है। विभाग का यह कदम उन उपभोक्ताओं से बकाया राशि वसूलने की दिशा में उठाया गया है जिन पर 2 करोड़ 44 लाख रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर विभाग ने सहायक और कनिष्ठ अभियंता के नेतृत्व में 10 टीमों का गठन किया है। ये टीमें शहर के उन घरों और प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर रही हैं जिन्होंने महीनों से बिल का भुगतान नहीं किया है।

बकाया का पहाड़: 2.44 करोड़ से अधिक-विभाग के एई गुलाब साहू ने जानकारी दी कि कुल 5,755 शासकीय और अशासकीय उपभोक्ताओं पर कई महीनों का बिल बकाया है। शहर के 5,044 घरों और प्रतिष्ठानों पर 2 करोड़ 44 लाख 88 हज़ार रुपये से अधिक का भारी बकाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वसूली के लिए टीम का गठन किया गया है और डिस्कनेक्शन अभियान ज़ारी रहेगा। टीमों को निर्देश दिया गया है कि जो उपभोक्ता मौके पर राशि जमा नहीं करेंगे, उनका कनेक्शन तुरंत काटा जाएगा। एई साहू ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए जल्द से जल्द अपने बिलों का भुगतान करें।

शहर में कार्रवाई शुरू-शुक्रवार व शनिवार को अभियान के तहत विभाग की टीमों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कार्रवाई शुरू की। इस दौरान 151 बिजली उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए। कार्रवाई के दौरान कुछ बकाएदारों ने मौके पर ही भुगतान किया। विभाग ने लगभग 36 बकाएदारों से 7 लाख 32 हज़ार रुपये की राशि भी वसूल की।

न्यूज गैलरी

भोपाल के ग्रीन पार्क कॉलोनी में 12 कारों में तोड़फोड़

3 बाइकों पर आए बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम; पुलिस जांच में जुटी

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के गौतम नगर थाना इलाके की ग्रीन पार्क कॉलोनी में बीती रात बदमाशों ने करीब एक दर्जन वाहनों में तोड़फोड़ की और फरार हो गए। आरोपी तीन बाइकों पर सवार होकर आए थे। गौतम नगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। शनिवार-रविवार की रात को आए आरोपियों ने कॉलोनी की सड़क किनारे खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की है। कॉलोनी के लोगों के मुताबिक, वहां के किसी भी परिवार का किसी को कोई विवाद नहीं हुआ था। हालांकि पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रहे हैं। आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ा जाएगा। जिसके बाद ही वारदात के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

खंडवा पुलिस की त्वरित कार्यवाही – अंतरजिला नकली नोट गिरोह का भंडाफोड़

मास्टरमाइंड सहित तीन गिरफ्तार

भोपाल/नवप्रदेश। खंडवा पुलिस ने नकली नोटों की छपाई और प्रसार में सक्रिय एक अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में गिरोह के मास्टरमाइंड डॉ. प्रतीक नवलखे सहित तीन आरोपियों को भोपाल से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 25 हजार रुपए के नकली नोट, 9 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 32 एटीएम कार्ड, 15 चेक बुक, ड्रायर मशीन सहित बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की गई है। विगत 2 नवंबर 2025 को थाना जावर क्षेत्र के ग्राम पेठिया में मुखबिर की सूचना पर मौलाना जुबेर के कमरे में दबिश दी गई थी। पुलिस ने वहां से 19 लाख 78 हजार रुपये के नकली नोट और नोट छापने के उपकरण बरामद किए थे। प्रकरण दर्ज कर इसकी विवेचना थाना प्रभारी जावर निरीक्षक श्याम सिंह भादले द्वारा लगातार की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारनेकर के नेतृत्व में विशेष जांच दल (स्ढ्ढञ्ज) का गठन किया था। स्ढ्ढञ्ज ने लगातार तकनीकी और मैदानी स्तर पर विवेचना लगातार जारी की जा रही थी। विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि आरोपी मौलाना जुबेर को नकली नोट उपलब्ध कराने वाला मुख्य आरोपी बुरहानपुर निवासी डॉ. प्रतीक नवलखे है। इसके बाद मुखबिर से पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि मामले में शामिल आरोपी भोपाल के बागमुगलिया क्षेत्र स्थित एक किराए के मकान में छिपे हुए हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए जावर थाना पुलिस टीम ने आज 23 नवंबर 2025 को भोपाल में दबिश दी और तीन आरोपी प्रतीक नवलखे (निवासी बुरहानपुर, उम्र 43), गोपाल उर्फ राहुल (निवासी हरदा, हाल निवासी बागमुगलिया भोपाल, उम्र 35) तथा दिनेश गोरे (निवासी अमरावती, महाराष्ट्र, उम्र 43) को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 25 हजार रुपए के नकली नोट, 9 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 32 एटीएम कार्ड, 15 चेक बुक, ड्रायर मशीन सहित बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की है। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा की गई त्वरित और समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप नकली मुद्रा के प्रसार में सक्रिय एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश संभव हो सका। पुलिस की सतर्कता, तकनीकी विश्लेषण और टीमवर्क से प्रदेश में आर्थिक अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है।नागरिकों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस सदैव प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी ऐसे प्रकरणों में कठोर और निर्णायक कार्रवाई जारी रहेगी।

शिवराज बोले- कांग्रेस जिसके ऊपर बैठी, वह डूब गया

कहा- शिव और मोहन में कोई अंतर नहीं; देश को धर्मशाला नहीं बनने देंगे

गंजबासौदा/नवप्रदेश। शिवराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस तो अब ऐसा बोझ हो गई है कि जो पार्टी उसे लेकर चलती है, वह भी डूब जाती है। कांग्रेस जिसके ऊपर बैठ गई। हम तो डूबे हैं सनम, तुम्हें ले डूबेंगे। जहां-जहां पांव पड़े भैया के, वहा बंटाढार। दिल्ली में केजरीवाल, यूपी में अखिलेश और बिहार में लालू को ले डूबे। शिवराज सिंह चौहान रविवार को स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम में गंजबासौदा पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गंजबासौदा में 150 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का लोकार्पण किया। दोनों रविवार दोपहर एक ही हेलीकॉप्टर से नवीन कृषि उपज मंडी पहुंचे। इसके बाद रोड शो भी किया। सीएम ने 64 करोड़ 29 लाख की लागत से 26 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। 85 करोड़ 84 लाख के 28 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। सीएम ने नर्सिंग और पैरा मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सीएम डॉ. मोहन यादव का सहयोग मिला, तो विदिशा को आदर्श जिला बनाएंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि बेतवा को परासरी नदी से जोड़ दिया जाए, तो यहां के किसानों को फायदा होगा। छोटी नदी जोड़ो प्रोजेक्ट बनाना चाहिए। आजकल तो बहनें सरकार बना रही हैं। बिहार में भी बहनों ने चमत्कार किया है। कांग्रेस के मित्र बड़े परेशान होंगे। शिवराज ने कहा कि भारत दुनिया की आंखों में आखें डालकर बात करता है। जब टैरिफ की बात हुई, तो प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कह दिया। पैरामेडिकल और नर्सिंग कॉलेज की मांग की। इस पर सीएम ने मुहर लगा दी। उन्होंने कहा कि शिव और मोहन में कोई अंतर नहीं है। शिवराज ने कहा कि लोग कहते हैं कि नाम में कुछ नहीं है, लेकिन शिवराज ने कहा कि नाम तो नाम है, लेकिन नाम में ही सब कुछ है। सीएम ने कहा कि बासौदा में नशा जड़ें जमा रहा है। इसमें बच्चे भी चपेट में हैं। नशामुक्ति अभियान जनता को चलाना पड़ेगा। स्ढ्ढक्र के बारे में शिवराज ने कहा कि फर्जी नाम अगर कोई हो, तो देखो।

नीमच बना सौर ऊर्जा उत्पादन में प्रदेश का अग्रणी जिला

प्रदेश में 30 प्रतिशत से अधिक हरित ऊर्जा उत्पादन, देश के हरित ऊर्जा लक्ष्य में बड़ा योगदान

सिंगोली परियोजना से प्रदेश में हरित ऊर्जा उत्पादन को मिली नई गति

भोपाल/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रहा है। जीआईएस-भोपाल के शुभारंभ अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा था कि पिछले दशक में देश के ऊर्जा क्षेत्र ने अभूतपूर्व प्रगति की है। इसमें मध्यप्रदेश का योगदान उल्लेखनीय है। राज्य की 31 हजार मेगावॉट क्षमता में हरित ऊर्जा उत्पादन का 30 प्रतिशत से अधिक योदगदान है। प्रदेश का नीमच जिला सौर ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जिले में वर्तमान में 500 मेगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है।

नीमच जिला 500 मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता के साथ प्रदेश का हरित ऊर्जा उत्पादन का हब बन रहा है। जिले की सिंगोली यूनिट-3 ग्राम बडी में 170 मेगावॉट, बडावदा यूनिट-1 में 160 मेगावॉट और कवई यूनिट-2 में 170 मेगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। साथ ही आगर जिले में 330 मेगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। टी.सी. सूर्या कंपनी द्वारा स्थापित ये परियोजनाएँ प्रतिवर्ष 68 मिलियन यूनिट हरित बिजली का उत्पादन कर रही हैं, जो भारतीय रेल और राज्य की विद्युत कंपनियों को उपलब्ध कराई जा रही है।

सिंगोली परियोजना में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग

704 हेक्टेयर में फैली इस परियोजना की इकाइयाँ बडावदा, बडी कवई, खेड़ा माँ का डोल, थडोद और अननिया गांवों में स्थापित हैं। परियोजना की विशेषताओं में सिंगल एक्सेस ट्रैकर तकनीक, उच्च दक्षता वाले पैनल और मल्टी-लोकेशन यूनिट्स शामिल हैं।

भगवानपुरा सौर इकाई कर रही प्रदेश के कार्बन उत्सर्जन में बड़ी कटौती

जावद जनपद के ग्राम भगवानपुरा में 151 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा इकाई वेल्सपन सोलर एमपी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित की गई है। फरवरी 2014 से लगातार इसमें उत्पादन हो रहा है। सौर ऊर्जा उत्पादन से यह इकाई प्रतिवर्ष 2 लाख 16 हजार 372 टन कार्बन उत्सर्जन कम कर रही है। यहां हो रहे उत्पादन से 6.24 लाख घरों को ऊर्जा आपूर्ति की जा रही है। इकाई में 235 वॉट क्षमता के पॉली-क्रिस्टलाइन पीवी पैनल लगाये गये हैं। यह देश की उन बड़ी इकाइयों में से एक है जो 132 केवी हाई वोल्टेज उत्पादन कर रही हैं।

मध्यप्रदेश ने 12 वर्षों में 19 गुना उत्पादन बढ़ाकर दिया महत्वपूर्ण योगदान

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के लिए 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है। मध्यप्रदेश इन लक्ष्यों के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ आगे बढ़ रहा है। राज्य की ऊर्जा नीति, तकनीकी नवाचार और निवेशक-हितैषी दृष्टिकोण ने हरित ऊर्जा उत्पादन में 12 वर्षों में 19 गुना अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है। रीवा और ओंकारेश्वर हरित ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश के 2 स्तंभ है। रीवा सोलर पार्क देश के सबसे बड़े और सफल सोलर एनर्जी पार्कों में से एक है। यहाँ से दिल्ली मेट्रो को बिजली आपूर्ति की जा रही है। ओंकारेश्वर में देश का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। ओंकारेश्वर का 278 मेगावॉट फ्लोटिंग सोलर प्लांटहरित ऊर्जा उत्पादन के लिए जलाशयों के बेहतर उपयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मुरैना में देश की पहली 'सोलर प्लस बैटरी स्टोरेज' परियोजना स्थापित की जा रही है। इस परियोजना से 2.70 प्रति यूनिट दर पर 24 घंटे हरित ऊर्जा की आपूर्ति की जायेगी। यह परियोजना पीक और नॉन-पीक दोनों समय में समान ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। इस परियोजना में 95 प्रतिशत वार्षिक उपलब्धता रहेगी। इसे रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है।

वर्ष-2030 तक 20 गीगावॉट का लक्ष्य, 5 प्रमुख सौर परियोजनाओं से 2.75 गीगावॉट उत्पादन

राज्य में वर्तमान में कार्यरत 5 प्रमुख सौर परियोजनाओं की कुल उत्पादन क्षमता 2,750 मेगावॉट है। राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक 20 गीगावॉट उत्पादन क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है।

टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक पॉलिसी = निवेशकों के लिए नया अवसर

मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने 'टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक' रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी लागू की है। यहां सौर, पवन और मिश्रित ऊर्जा के विकास के लिए निवेशकों को आकर्षक अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। कुसुम-सी योजना में 18,000 मेगावॉट क्षमता के लिए निविदाएँ प्राप्त हुई हैं। किसानों, एमएसएमई और निजी डेवलपर्स की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हुआ है। किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लिये 100 प्रतिशत फीडर सोलरीकरण का प्रयास किया जा रहा है।

पंप-हाइड्रो और बायोफ्यूल परियोजनाएँ = भविष्य की नई दिशा

पंप-हाइड्रो परियोजनाओं के लिये 14,850 मेगावॉट उत्पादन के आवेदन प्राप्त हुये हैं। इनमें से 8,450 मेगावॉट परियोजनाओं का पंजीयन किया जा चुका है। कम्प्रेस्ड बायोगैस और बायोमास पैलेट परियोजनाओं के लिए 6,500 टन प्रतिदिन क्षमता प्रस्तावित की गई है।

राज्य के सभी जिलों में रिन्यूएबल सर्विस कंपनी मॉडल पर सरकारी भवनों का सोलराईजेशन किया जा रहा है। साथ ही सूर्य मित्र योजना, आईटीआई सहयोग कार्यक्रम, स्किल डेवलपमेंट कोर्सेस योजनाएं भी संचालित हैं।इन सभी ने हजारों युवाओं को सौर ऊर्जा क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण मिला है और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

सड़क किनारे खड़े युवकों पर चढ़ी बस, चारों की मौत

मृतकों में दो सगे भाई, एक इकलौता बेटा; सागर के रहली में हादसा

सागर/नवप्रदेश। सागर में निजी बस ने सड़क किनारे खड़े युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में सभी की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई थे। एक्सीडेंट रहली थाना इलाके के अनंतपुरा गांव के पास हुआ है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक उछलकर काफी दूर जा गिरे। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस के अनुसार, युवक अनंतपुरा गांव से सिमरिया हर्राखेड़ा की ओर जा रहे थे। रास्ते में सड़क किनारे खड़े हो गए। बस सिमरिया से होते हुए दमोह जा रही थी।

हादसे में शिवम पिता रामचरण पाल (18), सत्यम पिता रामचरण पाल (17), प्राशू उर्फ प्रशांत पिता खुमान पाल (14) और उमेश पिता चेतू पाल (16) की मौत हो गई।

इकलौते बेटे की मौत

सत्यम और शिवम सगे भाई थे। प्रशांत अपने परिवार का इकलौता बेटा था, उसकी एक बहन है। उमेश दो भाईयों में छोटा था।

मृतकों के परिवार से मिले विधायक

हादसे की सूचना मिलते ही देवरी विधायक बृजबिहारी पटेरिया घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। विधायक पटेरिया ने बताया कि वे बंडा में होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, लेकिन घटना की खबर मिलते ही वहीं से लौटकर मौके पर पहुंच गए।

विधायक ने कहा कि एक ही परिवार के चार बच्चों की दर्दनाक मौत बेहद दुखद है। पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद की जाएगी। मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मृतकों के परिजनों को सहायता राशि देने की मांग भी की है।

सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहे थे चारों

मृतकों के चाचा भगवानदास ने बताया कि भैंसों की तलाश करने भतीजे घर से निकले थे। वे खेत के बाहर रोड किनारे खड़ी बाइक के पास आकर खड़े हो गए। यहां वह आपस में बातचीत कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। इसके बाद भाई रामचरण ने पुलिस को सूचना दी।

शत-प्रतिशत हो जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन : आयुक्त मिश्रा

सभी जिलों को जारी किये निर्देश

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश में विवाह तथा जन्म-मृत्यु पंजीयन को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी श्री विकास मिश्रा ने सभी जिला कलेक्टर एवं जिला विवाह रजिस्ट्रार को निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन नियम-2008÷के तहत राज्य में किसी भी विधि या परंपरा से संपन्न हुए सभी विवाहों का पंजीयन अनिवार्य है। व्यवहारिक रूप से सभी विवाह पंजीकृत न हो पाने से विशेषकर महिलाओं को पति की मृत्यु या अन्य कानूनी परिस्थितियों में प्रमाण और अधिकार प्राप्त करने में कठिनाई होती है। इसी समस्या को दूर करने और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जिलों को विशेष कदम उठाने को कहा गया है। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा, परिवार को मिलने वाली वैधानिक सुविधाओं की गारंटी तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। आयुक्त श्री मिश्रा ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम जैसे मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री निकाह योजना तथा अन्य सामाजिक आयोजनों में विवाह स्थल पर ही प्रमाण-पत्र जारी करने की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने सभी नगरीय निकायों और सार्वजनिक स्थानों पर विवाह पंजीयन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। शादी हॉल, मैरेज गार्डन और समारोह स्थलों पर विवाह पंजीयन को अनिवार्य बताते हुए सूचनात्मक होर्डिंग लगाने के निर्देश भी जारी किये गये हैं। टेंट हाउस और केटरिंग व्यवसायियों को अपनी रसीदों पर विवाह पंजीयन को बढ़ावा देने वाले स्लोगन–जैसे ÷विवाह का आठवां वचन–विवाह का हो पंजीयन÷और ÷नारी का सम्मान–विवाह का प्रमाण÷अंकित करने के लिए भी कहा गया है। प्रदेश में जन्म-मृत्यु पंजीयन की स्थिति में सुधार के लिए आयुक्त श्री मिश्रा ने कहा कि सभी अनाथालयों, बाल संप्रेषण गृहों तथा बाल सुधार गृहों में रहने वाले बच्चों के जन्म प्रमाण-पत्र तत्काल बनवाए जाएँ। साथ ही महारजिस्ट्रार कार्यालय नई दिल्ली द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन जिले स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिले के सभी रजिस्ट्रार और उप-पंजीयक अपने कार्यालयों के बाहर जन्म-मृत्यु पंजीयन संबंधी नियमावली को दीवार पर पेंट करवाकर प्रदर्शित करें, जिससे हर नागरिक को जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से मध्यप्रदेश में विवाह तथा जन्म-मृत्यु पंजीयन की दर में

नरेला विधानसभा में 3 बीएलओ सुपरवाइजर और 3 बीएलओ को कारण – बताओ नोटिस जारी

भोपाल/नवप्रदेश। नरेला विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 3 बीएलओ सुपरवाइजर और 3 बीएलओ को कारण–बताओ नोटिस जारी किया।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने विधानसभा क्षेत्र 151 नरेला के 03 बीएलओ सुपरवाइजर एवं 3 बीएलओ को कारण–बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर सिंह द्वारा नरेला क्षेत्र की समीक्षा के दौरान निर्धारित कार्य प्रगति में गंभीर कमी तथा फील्ड रिपोर्टिंग में अनियमितताएं पाई गईं, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

नोटिस प्राप्त करने वाले बीएलओ सुपरवाइजरों में संजीव जौहरी, गोविंद ढाक्स्या एवं राधेश्याम साहनी शामिल हैं। इसी प्रकार कार्य में अपेक्षित प्रगति न लाने और समयबद्ध निर्देशों का पालन न करने पर बीएलओ अजय तावड़े,अर्जुन पटेल एवं रंजना शर्मा को भी कारण–बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर सिंह ने स्पष्ट किया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवं मैदानी कर्मचारी लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करें तथा प्रतिदिन की प्रगति अद्यतन रूप से प्रस्तुत करें।

6 साल की बच्ची से रेप, नेशनल हाईवे पर चक्काजाम

रायसेन में गुस्साए लोग सड़कों पर उतरे; फांसी या एनकाउंटर जैसी सजा देने की मांग

मंडीदीप/नवप्रदेश। रायसेन जिले के गौहरगंज में 6 साल की मासूम से दरिंदगी के मामले ने पूरे क्षेत्र में रोष की लहर पैदा कर दी है। घटना के 30 घंटे बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने रविवार दोपहर औबेदुल्लागंज में नेशनल हाईवे-46 को करीब 2 बजे से जाम कर रखा है। हजारों लोग सड़क पर उतर आए और आरोपी को फांसी या एनकाउंटर जैसी सजा देने की मांग करते रहे। सकल हिंदू समाज, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने सुबह गौहरगंज चौराहे पर धरना दिया। इसके बाद लोगों ने थाने का घेराव किया और पुलिस पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। जब कार्रवाई नहीं हुई तो भीड़ ने हाईवे पर चक्काजाम कर प्रदर्शन और तेज कर दिया। करीब तीन घंटे बाद पुलिस की समझाइश पर लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

पीड़िता की हालत नाजुक, भोपाल एम्स में भर्ती

वहीं मासूम की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। उसे भोपाल एम्स के ढ्ढष्ट में भर्ती कराया गया है। परिजनों के मुताबिक, बच्ची शाम को घर के पास टमाटर देने गई थी, लेकिन देर तक नहीं लौटी। कुछ देर बाद वह जंगल की ओर से लहूलुहान हालत में वापस आई।

होश में आने पर उसने बताया- सलमान मुझे पकड़कर ले गया था। इसके बाद वह बेहोश हो गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी सलमान (23) पिता सहाबुद्दीन है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है, लेकिन वह अब तक हाथ नहीं लगा है। लोगों ने स्पष्ट कहा- हमें इनाम नहीं, न्याय चाहिए। पूरे इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। मामले में पुलिस पर दबाव बढ़ता जा रहा है, जबकि जनता की एक ही मांग है- ÷आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। परिजनों ने बताया कि आरोपी एक क्रशर में काम करता था। लोगों ने बताया कि आते-जाते बच्चों को टॉफी बांटना उसकी आदत में शामिल था। शुक्रवार शाम लगभग 7.30 बजे बच्ची की मां ने पड़ोस में उसे टमाटर देने के लिए कहा। मासूम टमाटर देने चली गई। जब काफी देर तक नहीं लौटी तो मां ने बाहर निकल कर देखा। वह रोते हुए जंगल की ओर से आ रही थी। उसके कपड़े खून से लथ-पथ थे। उसने बताया कि सलमान उसे जबरन ले गया, मुंह दबाया इतना कहने के बाद वह बेहोश हो गई।

बेहोशी की हालत में उसे थाना लाया गया। यहां थाना प्रभारी नहीं थे। जब आए तो पहले उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औबेदुल्लागंज इलाज के लिए ले जाया गया। परिजनों ने बताया कि यहां कोई भी डॉक्टर उपस्थित नहीं था। लगभग एक से डेढ़ घंटा में वही परेशान होते रहे। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता आए। उन्होंने निजी वाहन से एम्स ले गए।

सुविचार

ज्यादा बोझ लेकर चलने वाले अक्सर डूब जाते हैं। फिर वह बोझ चाहे सामान का हो या अभियान का हो। - अज्ञात

एसआईआर को लेकर तकरार

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चुनाव आयोग ने वहां एसआईआर कराकर मतदाता सूचियों का गहन पुनरनिरीक्षण कराया था। चुनाव आयोग की इस कार्यवाही को लेकर महागठबंधन के नेताओं ने बहुत हाय तौबा मचाई थी। कांग्रेस के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तेजस्वी यादव के साथ मिलकर वोटर यात्रा भी निकाली थी और वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाते हुए एसआईआर का जमकर विरोध किया था और एसआईआर के माध्यम ये वोट चोरी कराने के आरोप लगाये थे। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था और सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की प्रक्रिया पर रोक लगाने से स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया था। इसके बाद हुए बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को 2002 सीटें मिली और महागठबंधन का सुपड़ा साफ हो गया। जाहिर है एसआईआर और वोट चोरी का मुद्दा टांय टांय फिस हो गया। इसके बावजूद विपक्षी पार्टियों एसआईआर के खिलाफ विरोध कर रही हैं। चुनाव आयोग ने बंगाल, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित देश के 12 राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसे लेकर तकरार हो रही है। एसआईआर की प्रक्रिया का सबसे ज्यादा विरोध बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कर रही हैं। जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होना है। बंगाल में एसआईआर शुरू होते ही वहां वर्षो से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों में हडकंप मच गया है और वे बंगाल छोड़कर वापस बांग्लादेश जाने के लिए बॉर्डर पर डेरा डाले पड़े हुए हैं। इन घुसपैठियों की संख्या बॉर्डर पर लगातार बढ़ती जा रही है। कुछ घुसपैठिए तो नेपाल में भी घुसने की तैयारी में है। हजारों की संख्या में इन घुसपैठियों वापस लौटने के कारण ममता बनर्जी को अपना वोट बैंक खिसकता नजर आ रहा है। इसलिए उन्होंने एसआईआर के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। वे खुद सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रही हैं और केन्द्र सरकार को धमकी दे रही हैं कि यदि बंगाल में एसआईआर कराया गया तो केन्द्र सरकार को उखाड़कर फेंक दिया जाएगा। दरअसल ममता बनर्जी को अगले साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की हार की संभावना साफ नजर आ रही है क्योंकि बंगाल में लाखों घुसपैठिए कई सालों से डेरा डाले पडे हैं और इनमें से अधिकांश लोगों के आधार कार्ड, वोटरकार्ड और राशकार्ड भी बन चुके हैं और ममता बनर्जी सरकार इनको पूरा संरक्षण दे रही है। यदि इन घुसपैठियों खदेड़ दिया गया तो ममता बनर्जी की हार लगभग तय हो जाएगी। इसी तरह उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के सुप्रीमों अखिलेश यादव ने भी उत्तरप्रदेश में एसआईआर कराये जाने का विरोध किया है और दावा किया है कि उनकी पार्टी उत्तरप्रदेश में किसी भी मतदाता का नाम नहीं कटने देगी। उन्होंने एसआईआर की टाइमिंग को लेकर भी सवालिया निशान लगाया है कि चुनाव आयोग केन्द्र सरकार के इशारे पर ऐसे समय में एसआईआर करा रहा है जब शादी ब्याह का सीजन चल रहा है और लोग उसमें व्यस्त हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार में एसआईआर के नाम पर केन्द्र की एनडीए सरकार ने खेला करा दिया है लेकिन वे उत्तरप्रदेश में खेला नहीं होने देंगे। इसी तरह का बयान आम आदमी पार्टी के नेता भी दे रहे हैं और एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। केरल की वामपंथी सरकार ने तो एसआईआर की प्रक्रिया रोकने बाकायदा सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया है जहां उस पर सुनवाई होनी है। एसआईआर का विरोध वाकई समझ से परे हैं। इसके लिए पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने हरी झंडी दिखा दी थी फिर भी जो राजनीतिक पार्टियां एसआईआर रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर रही है। उससे कोई फायदा नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई जरूर करेगा और चुनाव आयोग को नोटिस भी देगा लेकिन बाद में उसे एसआईआर को मंजूरी देनी ही होगी। चुनाव आयोग की इस कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट दखल नहीं दे सकता यह उसने पहले ही स्पष्ट कर दिया है। यदि एसआईआर के काम में धांधली की सिकायत आती है और उसके सबूत सामने आते हैं तभी सुप्रीम कोर्ट इसमें हस्तक्षेप कर पाएगा। बिहार का उदाहरण सामने है जहां एसआईआर के दौरा किसी भी पात्र मतदाता का नाम काटे जाने की एक भी शिकायत सामने नहीं आई थी एसे में एसआईआर का विरोध सिर्फ राजनीति चमकाने के लिए ही किया जा रहा है।

महेन्द्र तिवारी

अंततः यह फैसला भारतीय संघवाद की आत्मा के अनुरूप है। न तो न्यायपालिका सर्वशक्तिमान है, न राज्यपाल असीमित शक्तियों से लैस हैं। संविधान ने दोनों के कर्तव्यों और सीमाओं को परिभाषित किया है। सुप्रीम कोर्ट की यह राय उसी संवैधानिक मर्यादा की पुनः पुष्टि है। यह न केवल राज्यों की विधायी प्रक्रिया को गति देगा, बल्कि केंद्र और राज्यों के बीच आपसी विश्वास की राह भी कुछ हद तक आसान करेगा। लोकतंत्र का वास्तुशिल्प तभी स्थिर रहता है जब उसके सभी स्तंभ अपनी-अपनी सीमाओं और जिम्मेदारियों को समझकर कार्य करें। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उसी संतुलन को कायम रखने का एक सुविचारित प्रयास है—संविधान की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, शासन की प्रक्रिया को मजबूती प्रदान करने वाला।

संविधान और संसद : बिलों की मंजूरी में राज्यपाल की सीमाएँ

भारतीय संविधान की संरचना संघवाद, शक्तियों के पृथक्करण और लोकतांत्रिक जवाबदेही की गहरी नींव पर टिकी है। इस ढांचे में राज्यपालों और राष्ट्रपति की भूमिका केवल औपचारिक नहीं, बल्कि एक संवैधानिक संतुलन बनाए रखने वाली जिम्मेदारी है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने राज्यपालों और राष्ट्रपति की बिल मंजूरी संबंधी शक्तियों पर जो महत्वपूर्ण राय दी है, उसने न केवल संवैधानिक विमर्श को नया आयाम दिया है, बल्कि शासन प्रक्रिया में लंबे समय से चल रहे एक संवैधानिक तनाव को भी स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है। यह फैसला बताता है कि राज्यपाल बिलों को अनिश्चितकाल के लिए लंबित नहीं रख सकते, लेकिन न्यायपालिका उनकी निर्णय-सीमा तय भी नहीं कर सकती। इस दोहरे निष्कर्ष ने केंद्रङ्कराज्य संबंधों और विधायी प्रक्रिया की गरिमा पर कई महत्वपूर्ण सवालों और उत्तरों को एक साथ सामने रखा है।

संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 राज्यपाल और राष्ट्रपति को तीन स्पष्ट विकल्प देते हैं–बिल को मंजूरी देना, उसे विधानसभा को पुनर्विचार के लिए लौटाना, या उसे राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित करना। इन विकल्पों का स्वरूप बताता है कि संवैधानिक निर्माताओं ने राज्यपाल को केवल एक ÷रबर स्टैंप÷ की भूमिका नहीं दी थी, बल्कि एक विवेकाधारित जिम्मेदारी प्रदान की थी। किंतु प्रश्न यह है कि क्या इस विवेक का उपयोग असीमित समय पर टिका रह सकता है? हाल के वर्षों में कई राज्यों–विशेष रूप से तमिलनाडु, केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तेलंगाना–ने आरोप लगाया कि राज्यपाल राजनीतिक कारणों से विधेयकों को महीनों, कभी-कभी सालों तक लंबित रखते हैं, जिससे न केवल विधायिका की संप्रभुता प्रभावित होती है बल्कि शासन संचालन भी अवरुद्ध हो जाता है। यह राजनीतिक टकराव अंततः न्यायिक समीक्षा के दायरे में आया।

अप्रैल 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश दिया था कि राष्ट्रपति और राज्यपाल तीन माह के भीतर बिल पर निर्णय लें। यह आदेश राज्यों और केंद्र के बीच उत्पन्न तनाव को कम करने का एक व्यावहारिक प्रयास था। लेकिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वयं इस पर सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी,

यह कहते हुए कि संवैधानिक पदाधिकारियों के विवेकाधिकार पर न्यायपालिका समयसीमा थोप सकती है या नहीं–यह खुद एक संवैधानिक प्रश्न है। इसी संदर्भ में 20 नवंबर 2025 को संविधान पीठ ने विस्तार से सुनवाई की और यह स्पष्ट किया कि न्यायपालिका किसी भी संवैधानिक पदाधिकारी पर समय सीमा लागू नहीं कर सकती। यह निष्कर्ष सेपरेशन ऑफ पावर्स के सिद्धांत को पुनः स्थापित करता है, जिसके अनुसार राष्ट्रपति और राज्यपाल की शक्तियाँ उनकी संवैधानिक स्वायत्तता के दायरे में आती हैं, और न्यायपालिका को इन शक्तियों का सूक्ष्म प्रबंधन नहीं करना चाहिए।

हालाँकि, पीठ ने यह भी उतनी ही स्पष्टता से कहा कि बिल को अनिश्चितकाल तक रोककर रखना संविधान की भावना के विपरीत है। यानी निर्णय लेना अनिवार्य है, पर उसकी समय सीमा न्यायपालिका तय नहीं करेगी। यह संतुलन संवैधानिक विवेक और लोकतांत्रिक जवाबदेही के बीच एक मध्य मार्ग प्रस्तुत करता है। अदालत ने यह भी साफ कर दिया कि 'डिम्ड असेंट' जैसी कोई व्यवस्था–जिसमें समयसीमा पूरी होने पर बिल को स्वचालित रूप से मंजूर माना जाए–संवैधानिक रूप से मान्य नहीं है। ऐसा प्रावधान संविधान में नहीं है और इसे न्यायपालिका द्वारा निर्मित करना संघीय ढांचे पर अनुचित प्रभाव डालता। इसलिए असहमति हो सकती है, लेकिन स्वचालित सहमति नहीं हो सकती।

यह फैसला एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू पर भी रोशनी डालता है–विवेकाधिकार के मूल स्वरूप पर। अदालत ने कहा कि वह राज्यपाल के निर्णय की मेरिट यानी गुण-दोष की समीक्षा नहीं करेगी। यदि राज्यपाल लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं करते, तो न्यायालय प्रशासनिक निर्देश जारी कर सकता है कि राज्यपाल निर्णय लें, लेकिन वह यह नहीं कह सकता कि उन्हें मंजूरी देनी है या रोकनी है। यह रेखा सूक्ष्म जरूर है, पर संवैधानिक ढांचे की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह न्यायपालिका की अपनी सीमाओं का अहसास भी कराता है और पदाधिकारियों की संवैधानिक जिम्मेदारियों की याद भी दिलाता है।

इस निर्णय के राजनीतिक निहितार्थ भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। भारत की संघीय राजनीति लंबे समय से राज्यपालों की भूमिका को लेकर विवादों से घिरी रही है। कई बार राज्यपालों पर केंद्र की राजनीतिक इच्छाओं को लागू करने का आरोप लगता है, विशेषकर उन राज्यों में जहाँ विपक्षी दल सत्ता में हों। विधेयकों को लंबित रखना अक्सर राजनीतिक दबाव के एक उपकरण के रूप में देखा जाता है, जो न केवल राज्य सरकार की नीतिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है बल्कि जनता द्वारा चुनी गई विधानसभाओं की गरिमा को भी चोट पहुंचाता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस संदर्भ में एक संवैधानिक मर्यादा तय कर दी है कि लंबित रखना विकल्प नहीं है। इस सरल टिप्पणी का राजनीतिक प्रभाव गहरा है–अब राज्यपालों को कार्रवाई करनी ही होगी, चाहे वह मंजूरी हो या पुनर्विचार। इस प्रकार राज्य सरकारों को अपनी नीतियाँ लागू करने में अनावश्यक अवरोधों का सामना कम होगा।

इस निर्णय का एक व्यापक प्रभाव यह है कि संवैधानिक संस्थाओं के बीच सम्मानजनक दूरी और आवश्यक संवाद, दोनों की जरूरत को फिर से रेखांकित किया गया है। न्यायपालिका ने जहाँ अपनी सीमा का सम्मान किया, वहीं राज्यपालों को भी उनकी संवैधानिक जिम्मेदारी की याद दिलाई। यह निर्णय सरकारों, राजनीतिक दलों और संवैधानिक पदाधिकारियों के लिए एक संदेश है कि शासन की प्रक्रिया दमित या बाधित होने के लिए नहीं, बल्कि सुचारु और संयमित ढंग से चलने के लिए बनाई गई है। किसी भी स्तर पर अवरोध लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान है।

मनुष्य और मशीन के बढ़ते 'वैवाहिक संबंध' : चिंतनीय पहलू

– हरीश शिवनानी

बात इसी सितंबर की है। एक छोटे देश अल्बानिया ने एक एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- यांत्रिक बुद्धिमत्ता) 'डिएला' को स्त्री रूप देकर अपनी केंद्रीय सरकार में कैबिनेट मंत्री बना दिया और दुनिया में मनुष्य बनाम तकनीक को लेकर एक बहस की शुरुआत कर दी। इस बहस के बीच ही जापान की एक 32 वर्षीय महिला ऐमी कैनो ने नवंबर में अपने प्रेमी से लंबे ब्रेकअप के बाद चेटजीपीटी 'क्लॉस' से विवाह कर बहस को नया आयाम दे दिया है।

कैनो ने 'विवाह' करने के लिए यह 'एआई पर्सोना' (कृत्रिम,आभासी व्यक्ति) चेटजीपीटी पर अपनी बातचीत को स्वानुकूल करके बनाया- उसकी आवाज, टोन, पर्सनेलिटी तय कर एक डिजिटल इमेज भी बनाई और उसे नाम दिया 'क्लॉस'। इतना ही नहीं, उसने विवाह समारोह का आयोजन भी किया जिसमें कानौ ने 'ऑगमेंटेड रियलिटी ग्लास' पहने, जिनमें क्लॉस की लाइफ-साइज इमेज उसके बगल में खड़ी दिखाई दे रही थी। यह कार्यक्रम नाओ और सायाका ओगासावारा ने आयोजित किया, जो '2 डी कैरेक्टर वेडिंग्स' करवाने में विशेषज्ञ हैं यानी वर्चुअल या 'फिक्शनल पार्टनर' से शादी करने वाले लोगों के लिए समारोह।

यह मामला तकनीक के अलावा सामाजिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टि से काफी दिलचस्प है जिसके कई चिंतनीय पहलू हैं। प्रश्न यह है कि क्या तकनीक अब पति-पत्नी जैसे नितांत निजी और अंतरंग मामले में भी मनुष्य का विकल्प बनने जा रही है? कैनो का 'क्लॉस' से प्रतीकात्मक विवाह पहला मामला नहीं है। मानव और 'पुरुष' या 'स्त्री' रूप बने एआई/रोबोट/होलोग्राम के बीच ऐसे 'विवाह' के अन्य मामले भी हैं जो कानूनी रूप से मान्य नहीं होते, लेकिन भावनात्मक रूप से व्यक्ति के लिए गहन होते हैं। 2017 में चीन के इंजीनियर झेंग जियाजिया ने खुद एक रोबोट 'यिंगयिंग' बनाया और उससे 'विवाह' कर लिया। 2018 में जापान के अकीहिको कोन्डो ने वर्चुअल पॉप स्टार हत्सुने मिकु (एक होलोग्राफिक एआई चरित्र) से तो 2023 में अमेरिकी रोसाना रैमोस ने रेप्लिका ऐप पर बनाए गए चैटबॉट 'एरेन कार्टल' से वर्चुअल मैरिज की। अमेरिका में ही 2025 में ट्रेविस नामक व्यक्ति ने चैटबॉट 'लिली रोज' से डिजिटल समारोह में विवाह किया। इसी तरह अलाईना विंटर्स ने भी एक रोबोट 'लुकास' से विवाह किया। इन विवाहों से सवाल भी उभरते है कि आखिर वह कौन-सी दुनिया है जिसमें इंसान मशीन के पास सुकून खोजने को मजबूर हो जाता है? वह कौन-सा जीवन है जहाँ लोग इतने अकेले हो चुके हैं कि एक डिजिटल साथी के सामने दिल खोलना आसान लगता है? ऐसे विवाह करने वाले सभी लोगों के तर्क में एक सामान्य बात थी कि वे इस भरी दुनिया में बेहद अकेलापन महसूस कर रहे थे और वर्चुअल रूप से उन्हें एक 'परफेक्ट पार्टनर' मिल गया है। दरअसल इन घटनाओं को सतह से नहीं, भीतर से देखने की ज़रूरत है। कभी मानव समाज का स्वरूप वृहद था, लोग एक ही छत के नीचे रहते थे, सब आत्मीय रिश्तों की डोर से बंधे थे।आगे चलकर विवाह का अर्थ बदल गया। रिश्तों का केंद्र 'साथीपन' बन गया, जिसमें अपनेपन की तलाश, भावनात्मक सहारा, दर्द और थकान को साझा करने की अपेक्षाएं थीं, लेकिन आधुनिक दुनिया इस साथीपन को धीरे-धीरे खोखला भी



करती गई। समय की कमी, अस्थिर रोज़गार, असुरक्षा का भाव, संत्रास, कुंठा, अवसाद, महानगरों का अजनबीपन सब मिलकर ऐसा माहौल बना रहे हैं,जहाँ रिश्तों का बंधन निभाने का धैर्य कम होता जा रहा है। उनकी दिनचर्या में लोगों से संपर्क तो है, पर संबंध नहीं, आत्मीयता तो कत्तई नहीं। ऐसे माहौल में मन ऐसी उपस्थिति खोजने लगता है जो थकती न हो, शिकायत न करे, गायब न हो जाए। ये विवाह उस खालीपन की तरफ़ ही इशारा करते हैं जिसे भरने के लिए हर कोई अलग राह चुनता है। कोई दोस्ती में, कोई प्रेम में, कोई कला में, कोई आध्यात्मिकता में। इसी आधुनिक जीवन का एक पथ तकनीक से भी होकर गुज़र रहा है। ये घटनाएं सिर्फ 'अनूठी खबर' मात्र नहीं है, बल्कि समाज शास्त्र के एक बड़े बदलाव की ओर संकेत करती हैं- जहाँ मानव संबंधों की पारंपरिक धारणाएँ बदल रही हैं। करीब तीन साल पहले इज़रायल के प्रोफेसर समाजशास्त्री एलियाकिम किस्लेव ने किताब लिखी- 'रिलेशनशिप 5.0: हाऊ एआई,वीआर एंड रोबोट्स विल रिशेप अवर इमोशनल लाइव्स'। यह किताब मानव संबंधों के इतिहास को तकनीकी विकास के चश्मे से देखती है। विकास का पहला चरण प्रागैतिहासिक काल से शुरू होता है। नवीनतम चरण 21वीं शताब्दी का है, जहां यांत्रिक बुद्धिमत्ता, वर्चुअल रियलिटी और रोबोट्स संबंधों का केंद्र बन रहे हैं। तकनीक अब सिर्फ उपकरण नहीं, बल्कि आधुनिक दौर में मशीनें 'भावनात्मक साझेदार' बन रही हैं। वे कहते हैं, ÷तकनीक अब हमारा नया जीवन साथी है।÷ ये 'डिजिटल साथी' भावना अकेल जीवन बिताने वालों के लिए एक वैकल्पिक सहारा बन रहे हैं। मशीनी साथी, खासकर चैटबोट, ऐसी प्रतिक्रियाएँ देते हैं जो सहानुभूति युक्त, स्थिर और प्रशंसात्मक हो सकती हैं। यह व्यवहार 'एम्पैथिक रीफ्लेक्टिंग साथी' जैसा हो सकता है- जो व्यक्ति को यह महसूस कराता है कि उसकी भावनाओं को समझा गया है और वे एआई के साथ गहरा आत्मीय रिश्ता महसूस करने लगते हैं। इतना सब होने के बावजूद यह बिंदु भी गौरतलब है कि ये रिश्ते पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं को चुनौती देते हैं, इनके जोख़िम भी बहुत हैं। लम्बा भावनात्मक रिश्ता सामाजिक हानि में बदल सकता है।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ अगर आप भी इंसान हैं, मनुष्य हैं तो थोड़ा रुकिए और उस मनुष्य के चेहरे पर लगे बोर्ड के पीछे भी देखने का प्रयत्न करिए। जहाँ मुस्कुराहट का भी बोर्ड लगा हो वहाँ भी धड़-धड़ा के मत घूसना और जहाँ दुखी चेहरा हो वहाँ भी मत घूसना । स्टे, थिंक, नजर घुमाइए, देखिए, समझिए और फिर धीरे-धीरे यात्रा करें। विवेकवान आदमी को विवेक से निर्णय करना चाहिए। समझना, लगे कि मामला ठीक है तो प्रवेश कर जाना।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1434-लंदन में थेम्स नदी का पानी का बर्फकेटूड़को रूप में जम गया था। 1542-एंग्लो-स्कॉटिश वॉर्स-इंग्लैंड ने सोल्वे मॉस की लड़ाई में अपनी जीत के साथ लगभग 1200 स्कॉटिश कैदियों को पकड़ लिया। 1642-हाबिल तस्मान की अगुवाई में एक डच अभियान वर्तमान तस्मानिया, ऑस्ट्रेलिया में पहुंचा। 1744-जॉन कार्टरेट ने उत्तरी विभाग के ब्रिटिश सचिव पद से इस्तीफा दिया। 1759-इटली में विसूवियस पर्वत शिखर पर ज्वालामुखी विस्फोट हुआ। 1827-फ्रांस के 430 सदस्य चैंबर ऑफ डेप्युटीज के लिए चुनाव में मतदान हुआ। ल्ट्रावार्स्टिस्ट, किंग चार्ल्स एक्स के समर्थक, 233 सीटों की बहुमत से हारे और उन्हें 180 सीटें प्राप्त हुई। 1831-ब्रिटेन के भौतिकशास्त्री माइकल फेरेडे ने बिजली की खोज की। 1859-ब्रिटिश प्रकृतिवादी चार्ल्स डार्विनवास द्वारा प्रजाति की उत्पत्ति पर पहली बार प्रकाशित हुआ और पहले दिन इसका प्रारंभिक प्रिंट रन बेचा। 1863-अमेरिकी गृहयुद्ध-युद्ध के दौरान, टेनेसी, टेनेसी, टेनेसीओनाओ अभियान के हिस्से के रूप में, केंद्रीय बलों ने शहर के कॉन्फेडरेट घेराबंदी को तोड़ने में मदद करने के लिए लुकआउट माउंटेन पर कब्जा कर लिया।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खामोशी मतलब

खामोशी मतलब गुस्सा दुःख लाचारी नाराजगी या शुष्क सा ख़्याल कुछ भी हो सकता है कभी कभी खामोशी मतलब दुःख के भँवर में डूबते को साहिल कीउम्मीद खामोशी ले जाती है उस भँवर से दूर पर कभी कभी विरोध या सहमती भी हो सकता है कभी हार तो कभी हथियार भी हो सकता है हो सकता है चिंतन या ख़्यालों के साथ सपने में मुस्काना और फिर बेख़्याली में गुनगुना और धीमे से मुस्कुराना..... – **डेज़ी जयसवाल**

सुनों प्रेम का वास्ता

सुनों प्रेम का वास्ता तो सदा मन के तार से वो मौन ही दो मन के मिलने से पृथक होके भी जींवन में व्याप्त दूर करते हुए अंधेरे से है जो प्रेम के प्रकाश से धीरे-धीरे समय के साथ... प्रेम के नाम... मन मंदिर को प्रकाशित कर मुझमें और तुममें सदा के लिए जगमगाए वही प्रेम... शिव के शक्ति के रुप में समक्ष और प्रत्यक्ष रुप से नज़र आता है.... कि प्रेम यही जो निस्वार्थ और साथ जींवन की हर बात है...!! – **नंदिता तनुजा**

मंत्र स्तुति और भजन, आने

मंत्र स्तुति और भजन, आने का तेरा उद्घोषण। ज्योति आरती और सुगंधन, आने का तेरा उद्घोषण। तिलक त्रिकूट और चन्दन, आने का तेरा उद्घोषण। ढोल मजीरा और वंदन, आने का तेरे उद्घोषण। अर्पण तर्पण और समर्पण, मेरे आने का उद्घोषण। घड़ी घंटा और ध्वनि संचरण आने का तेरा उद्घोषण। मैं तेरा और तू है मेरा, परम प्रेम का उद्घोषण। है, परम प्रेम का उद्घोषण।। – **राकेश मिश्रा**

स्वार्थ के कठिन मकड़जाल में स्वयं

स्वार्थ के कठिन मकड़जाल में स्वयं को उलझाकर तोड़ना होगा इस झुलसती मानवता को प्रेम के आँचल में ही लोटना होगा है धरा बहुत प्यासी अभी ऐ बादलों ! तुम्हें लौटना होगा । – **रामकिशोर उपाध्याय**

उल्लू जबसे गाँव का, बन बैठा सरपंच

उल्लू जबसे गाँव का, बन बैठा सरपंच। रात-रात भर जागता, खाता-पीता टंच।। खाता-पीता टंच, और दिन भर सोता है। वह तो हँसता खूब,

गाँव लेकिन रोता है। सड़कें-बिजली-काम, नहीं पानी दो चुल्लू। बन आया सरपंच, गाँव में जबसे उल्लू।। – **भाऊराव महंत**

पुरुषों के पास मायका नहीं होता

पुरुषों के पास मायका नहीं होता है, ना कोई ऐसा आंगन, जहां वे निःसंकोच लौट सके। जहां कोई माथा चूम कर कहे, थक गए हो ना, थोड़ा आराम कर लो। वो चलते रहते हैं। निरंतर एक पुत्र, एक पिता एवं एक पति बनकर, अपने कंधों पर जिम्मेदारियां का बोझ । कभी खुद के लिए ठहर नहीं पाते। – **गौरी पटले**

ठोकरों के अनुभव जीवन की कमाई

ठोकरों के अनुभव जीवन की कमाई है अच्छी फसल का कारण बेहतरीन बुवाई है!! संबंधों में परिपक्वता संवेदना की सिलाई है बेटी से अधिक प्यारा होता जब जमाई है !! ख़र्चों पर आमदनी होती सवाई है ईमानदारी से रोटी जब कमाई है !! बेटियां अब नहीं होती पराई हैं रस्म रह गई अब सिर्फबिदाई है!! सम्बन्धों ने मीलों की दूरियाँ भुलाई हैं दिल से दिल की होती जब सगाई है!! – **अंजू डोकानिया**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। महत्वपूर्ण कार्य में आप आगे रहेंगे।

वृषः आज आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचना होगा। आप किसी काम में लापरवाही बिल्कुल ना करें। बड़ों का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा और आप किसी से धन उधार लेने से बचें।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा, क्योंकि आपके विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

कर्कः आज का दिन आपके लिए अपने खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में किसी अजनबी से सलाह ना लें।

सिंहः आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपका कोई बड़ा लक्ष्य पूरा हो सकता है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे।

कन्याः आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर-परिवार में चल रही समस्याएं आज फिर से सिर उठाएंगी, जो आपके टेंशनों को बढ़ाएंगे। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप कुछ नए लोगों से मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। आपको बड़ों की भावनाओं का सम्मान करना होगा। आप दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति की प्राप्ति के लिए रहेगा। करियर को लेकर दिन परेशान रहेगा, तो आपको कोई बेहतर अवसर हाथ लग सकता है। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे।

धनुः आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा। दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपकी कोई प्रॉपर्टी को लेकर डील यदि अटकी हुई थी।

मकरः आज आप अपनी वाणी और व्यवहार से लोगों का दिल जीतेंगे। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। आज आपके काम की गति थोड़ी धीमी हो सकती है, लेकिन आपके अंदर ऊर्जा अधिक रहेगी।

कुंभः आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ के अवसरों को हाथ से नहीं जाने देना है। आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।

मीनः आज का दिन आपको बिजनेस में अच्छा लाभ दिलाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। आप अपने कामों से लोगों का भरोसा जीतेंगे। आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) गोवा के पास भारत और इटली के बीच नौसैनिक अभ्यास में किस भारतीय विमानवाहक पोत ने भाग लिया?

2) प्राचीन और अत्यधिक अपक्षयित मिट्टी में फॉस्फोरस के प्रमुख फ्गेटकीपरफ्र के रूप में किस जीव समूह की पहचान की गई है?

3) हाल ही में भारत की पहली निजी सैन्य विमान फैक्ट्री का उद्घाटन किस राज्य में हुआ?

4) दुनिया का पहला 'कैशलेस समाज' कौन सा देश बना है?

5) हाल ही में जापान में पीएम मोदी को उपहार में दी गई दारुमा गुड़िया किस भारतीय मिशु के मॉडल पर आधारित है?

उत्तरमाला- (1) आईएनएस विक्रमादित्य (2) मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्मजीव (3) गुजरात (4) एस्टोनिया (5) बौद्ध भिक्षु बोधिधर्म

कार्टून

कलचुरी समाज का निशुल्क चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

परंपरा, आधुनिकता और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम—एक साथ निकली 11 जोड़ों की भव्य सामूहिक बारात

भोपाल/नवप्रदेश। राजधानी के एलएनसीटी विश्वविद्यालय सभागार में रविवार को कलचुरि कलार समाज द्वारा आयोजित निःशुल्क चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का अद्वितीय उदाहरण बना। भव्य रथों पर सवार होकर 11 जोड़ों की सामूहिक बारात निकली तो पूरा परिसर 'एक समाजः एक उत्सवः एक संदेश' के भाव से गूंज उठा। आयोजन समिति की महिलाओं का पिंक परिधान तथा पुरुषों का सफेद कुर्ता-पायजामा एवं पिंक जैकेट सम्मेलन की 'एकरूपता की मिसाल' बना। वहीं दूल्हों ने पिंक कोट-पैंट और दुल्हनों ने लाल पारंपरिक पोशाक धारण कर समूचे वातावरण को वैवाहिक उल्लास से भर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। धर्माचार्यों एवं संतों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें धर्म, मर्यादा और सद्भाव के मार्ग पर चलते हुए सुखमय दांपत्य जीवन का संदेश दिया। मीडिया प्रभारी राजेश राय ने बताया कि विवाह के समस्त संस्कार–पाणिग्रहण, भांवर, सप्तपदी–परंपरागत वैदिक विधि से सम्पन्न किए गए। परिसर में स्वागत द्वार, वरमाला मंच, कन्यादान स्थल, मंडप और भोजन शाला को विशेष सांस्कृतिक थीम पर सजाया गया था। सम्मेलन में डॉ. अनुपम चौकसे, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा ने कहा कि इस सामूहिक विवाह सम्मेलन ने समाज की उस ऊर्जा और एकता को सामने रखा है जो हमारी असली ताकत है। यहाँ आए परिजन कभी बाराती बनकर तो कभी घराती बनकर उत्सव में शामिल हुए। दूर-दूर से आए समाजजनों ने यह सिद्ध कर दिया कि कलचुरी समाज की यह परंपरा अब एक नए युग का प्रारंभ है। श्रीमती पूनम जय नारायण चौकसे, संरक्षक, वरिष्ठ नागरिक मंच कलार समाज कहा कि सामूहिक विवाह केवल एक संस्कार नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने का श्रेष्ठ और सशक्त माध्यम है। यह आयोजन सामाजिक सद्भाव, परंपरा और सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रेरक मॉडल है, जिसे पूरा प्रदेश अपनाने योग्य है। जयनारायण चौकसे, अध्यक्ष, अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा ने कहा कि आज मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से संगठन और समाजजन भारी संख्या में पहुंचे, इससे स्पष्ट संदेश गया कि–'एक कलचुरि सबके लिए, और सब कलचुरि एक के लिए'। इस सम्मेलन की सफलता में युवाओं की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। कल्पना आई.डी. राय, अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक मंच कलार समाज आयोजन स्थल पर प्रत्येक जोड़े के लिए अलग-अलग वेदियाँ बनाई गईं, जहाँ सभी वैवाहिक रस्में गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुईं। फेरे के बाद सभी नवदंपतियों को विवाह प्रमाणपत्र प्रदान किया गया तथा पौधा रोपण कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। महापौर मालती राय ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक मंच के आग्रह पर नगर निगम द्वारा 1 लाख रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत कराई गई, जिससे नवदंपतियों के लिए उपहार क्रय कर वितरित किए गए। समाज के इस उत्कृष्ट आयोजन की मैं हृदय से सराहना करती हूँ और सभी आयोजकों को शुभकामनाएँ देती हूँ। कौशल राय, अध्यक्ष, कलचुरि सेना ने कहा कि कलचुरि सेना के युवाओं ने अनुशासन, उत्साह और जिम्मेदारी का अद्भुत परिचय दिया। 11 जोड़ों की सामूहिक बारात समाज की गौरवशाली परंपरा का भव्य प्रदर्शन थी। युवाओं की ऐसी सक्रियता ही हर आयोजन की सफलता का मूल है।

निःशुल्क सम्मेलन—पूरी व्यवस्थाएँ एलएनसीटी समूह एवं समाज द्वारा

सम्मेलन पूरी तरह निशुल्क रहा, जिसमें एलएनसीटी समूह द्वारा आवास, चाय-नाश्ता, भोजन, मंडप, विवाह मंच, जलपान, स्वागत प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं का दायित्व निभाया गया। विवाह सामग्री, उपहार एवं कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएँ समाजजनों के सहयोग से सम्पन्न हुईं। सम्मेलन का लाइव प्रसारण वरिष्ठ नागरिक मंच कलार समाज के फेसबुक पेज पर किया गया।

परंपरागत विधि और संतों का आशीर्वाद

मीडिया प्रभारी राजेश राय ने बताया कि पूरे विवाह संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुए। अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय नारायण चौकसे, और मंच की संरक्षक श्रीमती पूनम जय नारायण चौकसे ने धर्माचार्यों और संत स्वामी पगलानंद जी महाराज, स्वामी ओमप्रकाश जी महाराज, स्वामी पूर्णानंद जी महाराज, संत विनोद शास्त्री जी महाराज, और संत रामदास जी महाराज की पादिका पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात संतो ने नवजीवन आरंभ कर रहे वर-वधु को आशीर्वाद दिया। एलएनसीटी परिसर में स्वागत गेट, वरमाला मंच, कन्यादान मंच सप्तपदी स्थल और भोजन शाला, विशेष रूप से सांस्कृतिक थीम पर सजाए गए थे।

हिड़मा के एनकाउंटर पर सवाल उठाकर फंसे दिग्विजय सिंह

भोपाल/नवप्रदेश। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने छत्तीसगढ़ में हिड़मा के एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं। दरअसल, इनामी नक्सली माड़वी हिड़मा के एनकाउंटर के बाद उन्होंने इंटरनेट पर एक पोस्ट की थी। साथ ही आदिवासी एक्टिविस्ट सोनी सो?ी का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें एनकाउंटर को फर्जी बताया गया है। इसमें कहा है कि 'यह एनकाउंटर नहीं, हत्या थी। यह पहली बार नहीं है, जब दिग्गी राजा ने अपने विवादित बयान से पार्टी की फजीहत कराई हो, इससे पहले भी वह ऐसा करते रहे हैं।

बीजेपी ने उठाए सवाल

वीडियो को शेयर करने पर बीजेपी ने उन्हें आड़े हाथों लिया। बीजेपी ने कहा दिग्विजय सिंह हमेशा नक्सलियों-आतंकियों के साथ खड़े नजर आते हैं। कालापीपल से बीजेपी विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कहा कि दिग्विजय सिंह ने एनकाउंटर को लेकर तो सवाल उठाए, लेकिन बलिदान हुए नरसिंहपुर के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के लिए उन्होंने संवेदना भरा एक शब्द भी नहीं कहा। कम से कम संवेदना के तौर पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर देते। भगवान सद्बुद्धि दें।

पहले भी कराते रहे हैं फजीहत

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह अपने विवादित बयानों से अक्सर पार्टी और देश की फजीहत कराते रहे हैं। दिग्विजय सिंह के ऐसे आत्मघाती बयान तब भी आते रहे थे जब कांग्रेस सत्ता में थी। मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान उन्होंने कहा था कि सत्ता के दो केंद्र (सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह) ठीक से काम नहीं कर रहे हैं और इस सिस्टम को भविष्य में बदलना होगा। इस बयान से कांग्रेस को काफी नुकसान हुआ था।

सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे

हद तो तब हो गई, जब उन्होंने पुलवामा हमले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए और सबूत मांग लिए। कांग्रेस पार्टी ने उस समय भी इसे उनका निजी बयान बताकर किनारा कर लिया था। बड़ी बात यह है कि उस समय राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे थे। बीजेपी ने दिग्विजय सिंह के सबूत मांगे जाने को सशस्त्र बलों का अपमान करार दिया। इसके जवाब में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी उनके बयान से सहमत नहीं है और इसे निजी माना जाए।

370 पर दिया विवादित बयान

दिग्विजय सिंह ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की भी आलोचना की थी। उस समय भी कांग्रेस को उनके बयान से दूरी बनानी पड़ी। तब दिग्विजय ने एक पाकिस्तानी पत्रकार से बातचीत में कहा था कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो कश्मीर में फिर अनुच्छेद 370 बहाल करेगी। उन्होंने यह भी कहा था कि जिस तरह से अनुच्छेद 370 को हटाया गया, वह अनुचित था। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय के इस बयान से कांग्रेस की काफी फजीहत हुई थी।

हिंदुओं को बताया गौ-मांस भक्षक

हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने और एक धर्म विशेष के लोगों को खुश करने की उनकी कोशिशें अक्सर कांग्रेस को बैकफुट पर ले आती हैं। उन्होंने हिंदुओं के गौ मांस भक्षक होने की बात कहकर वीर सावरकर का भी उल्लेख किया था और उन्हें गो मांस खाने का पक्षधर बताया था।

आतंकवादी संगठन से आरएसएस की तुलना

दिग्विजय सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से कर दी थी। ओसामा बिन लादेन के लिए %ओसामाजी% संबोधन और उन्हें सम्मानपूर्वक दफनाने की बात कहने वाले दिग्विजय सिंह भी लंबे समय तक चर्चा का विषय बने रहे। इसके अलावा दिग्विजय सिंह ने दिल्ली के बहुचर्चित बाटला हाउस मुठभेड़ को फर्जी करार दिया था, जिसमें एक पुलिस इंस्पेक्टर शहीद हो गए थे।

हेलमेट के साथ बिना बीमा के वाहनों से 5 हजार तक वसूला जाएगा जुर्माना, चेकिंग का महाअभियान शुरु

भोपाल/नवप्रदेश। हेलमेट के साथ साथ अब बगैर बीमा वाले वाहन चालकों के खिलाफ मध्य प्रदेश में प्रदेशव्यापी अभियान 26 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। जो 15 दिनों तक लगातार चलेगा। पुलिस ट्रेनिंग रिसर्च इंटीट्यूट (पीटीआरआइ) ने इसके आदेश जारी किए हैं। वहीं, बगैर हेलमेट वाले वाहनों के खिलाफ पांच शहरों में शुरू हुए अभियान को पूरे प्रदेशभर में लागू कर दिया गया है। यानी अब 26 नवंबर से बगैर हेलमेट वाले और बिना बीमा वाले वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

एक से लेकर पांच हजार तक के होगा चालान

पीटीआरआइ द्वारा जारी की गई एडवाइजरी में बताया गया है कि, सार्वजनिक स्थान में प्रयोग होने वाले वाहन का कम से कम थर्ड पार्टी बीमा होना चाहिए। बिना वैध बीमा के वाहन चलाने या चलवाने पर मोटर व्हीकल अधिनियम 1988 की धारा 196 के तहत दोपहिया वाहन पर 1000, हल्के यान पर 3000 और भारी-मध्यम यान पर 5000 रुपए के जुर्माने के अलावा कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

26 को रोड सेफ्टी की सीएस लेंगे बैठक

पीटीआरआइ के डीआइजी टीके विद्यार्थी ने बताया कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए चलाए जा रहे है। इसी क्रम में 26 नवंबर को प्रदेश के रोड सेफ्टी के अहम बिंदुओ पर बड़ी बैठक बुलाई गई है। जिसमें प्रमुख रूप से मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित पीटीआरआइ के शीर्ष अधिकारी सहित सड़क निर्माण से जुड़े अन्य विभागों के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों पर समीक्षा कर आगे के प्रभावी अभियान तैयार किए जाएंगे।

सामाजिक जागरूकता से ही सफल होगा नशामुक्ति अभियान : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

दिलाई नशामुक्ति की शपथ

भोपाल/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शहर के सभी जागरूक नागरिकों के सहयोग से नशामुक्ति का पवित्र अभियान चलाया जा रहा है। सामाजिक जागरूकता से ही नशामुक्ति अभियान सफल होगा। युवाओं को नशे की राह से बचाने पर ही संस्कारित समाज बनेगा। नशाखोरी की समस्या का समाधान करने के लिए नशामुक्ति केंद्रों में नशा करने वालों का पुनर्वास किया जा रहा है। इसके साथ प्रशासन नशे का व्यापार करने वालों पर लगातार कार्यवाही कर रहा है। नशे के कारोबार से जुड़े 600 से अधिक अपराधियों को जेल भेजा गया है। यह बड़ी उपलब्धि है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा के लक्ष्मणबाग परिसर में नशामुक्ति अभियान कार्यक्रम में इस पुनीत कार्य में सभी संकल्प लें कि इसे सामाजिक क्रांति बनाते हुए अपराधियों को दंड देना और नए लोगों को नशा न करने देना हमारा अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रीवा द्वारा किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत ÷मेरा रीवा - स्वच्छ, स्वस्थ, सुंदर रीवा÷ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने नशामुक्त रीवा की शपथ दिलाई और नागरिकों को 'सुखी जीवन का आध्यात्मिक कैलेंडर' वितरित किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा विकास की नई उड़ान भर रहा है। नशा-मुक्ति के क्षेत्र में भी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। हमें विश्वास है कि रीवा जैसे शिक्षा, संस्कृति एवं प्रशासन में नंबर-वन है, वैसे ही नशा-मुक्ति अभियान में भी पूरे प्रदेश के लिए आदर्श स्थापित करेगा।÷ उन्होंने कहा कि समाज के बुद्धिजीवी वर्ग, पुलिस बल, विद्यार्थी और जागरूक नागरिक मिलकर युवाओं को नशा-मुक्त बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संगठन द्वारा निस्वार्थ भाव से दी जा रही आध्यात्मिक व सामाजिक सेवाएँ अतुलनीय हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने लक्ष्मणबाग संस्थान के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश खुशहाली की कामना की। उन्होंने गायों का पूजन करके उन्हें गुड़ और चना खिलाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रभारी संचालिका ब्रम्हकुमारी बीके लता दीदी, संयोजक बीके प्रकाश सहित ब्रह्माकुमारीज़ परिवार के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दतिया जिले के किसानों को मिलेगी अब और अधिक गुणवत्तापूर्ण बिजली : ऊर्जा मंत्री तोमर

एम.पी. ट्रांसको ने 132 के व्ही सबस्टेशन भांडेर में ऊजीकृत किया 50 एम.व्ही.ए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर

भोपाल/नवप्रदेश। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर दतिया जिले की पारेषण व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण करते हुए मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने 132 के.व्ही. सबस्टेशन भांडेर में 50 एम.व्ही.ए. क्षमता का एक अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर इसे ऊर्जीकृत किया है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया है कि इससे सबस्टेशन मे जहां एक अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर की उपलब्धता हो गई है, वहीं दतिया जिले मे भांडेर क्षेत्र के कृषि विद्युत उपभोक्ताओं को रबी सीजन में सिंचाई के लिये निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली प्राप्त हो सकेगी। इस ट्रांसफार्मर के सफलतापूर्वक उर्जीकृत होने से सबस्टेशन की क्षमता 63 एम.व्ही.ए. से ब?कर अब 113 एम.व्ही.ए. की हो गयी है।

दतिया जिले की पारेषण क्षमता मे हुई वृद्धि

एम.पी. ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता श्री राजीव तोतला ने बताया कि इससे पिछौर, डबरा, सीतापुर, डगराई, भांडेर, राजघाट, दतिया क्षेत्र के घरेलू एवं कृषि विद्युत उपभोक्ताओं सहित इस सबस्टेशन से निकलने वाले 33 के.व्ही. इंडस्ट्रियल फीडर को भी फायदा मिलेगा। दतिया जिले मे एम.पी. ट्रांसको 132 के.व्ही. सबस्टेशन भांडेर सहित अपने कुल 05 एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। इसमें 220 के.व्ही. सबस्टेशन दतिया एवं 132 के.व्ही. के दतिया, सेंधवा तथा इंदरगढ सबस्टेशन शामिल है, जिनकी कुल ट्रांसफारमेशन क्षमता 796 एम.व्ही.ए. से बढकर 846 एक.व्ही.ए. की हो गई है।

एमपी में 40 प्रतिशत काम शेष, वोटर्स को ढूंढने में जुटे 65 हजार बीएलओ की बढ़ी मुसीबतें

भोपाल/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर देश के जिन 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर का काम चल रहा है उनमें मध्यप्रदेश भी शामिल है। प्रदेश में विवादों के बीच यह काम लगातार जारी है। मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटि रहित बनाने लिए एसआईआर का काम किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना पत्रक बांटे जा रहे हैं और उनका डिजिटाइजेशन का काम किया जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के करीब पौने 6 करोड़ मतदाताओं के घर एन्युमरेशन फॉर्म पहुंच चुके हैं। अभी एमपी में डिजिटाइजेशन का करीब 40 प्रतिशत काम शेष है। ऐसे में प्रदेशभर में वोटर्स को घर घर जाकर ढूंढने में जुटे हजारों बीएलओ की मुसीबतें बढ़ गई हैं।

चार दिसंबर तक भरे जाएंगे गणना पत्रक

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर के दौरान

बीएलओ द्वारा वोटर्स को गणना पत्रक दिए जा रहे हैं। मतदाताओं के घर घर जाकर इसका वितरण किया जा रहा है। एसआईआर के अंतर्गत यह प्रक्रिया 4 दिसंबर तक चलेगी।

ऑनलाइन भी भर सकते हैं फॉर्म

एसआईआर के दौरान वोटर गणना पत्रक ऑनलाइन भी भर सकते हैं। इसके लिए उन्हें भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in पर जाकर फॉर्म भरना होगा। इसके साथ ही वोटर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वेबसाइट https://ceoelection.mp.gov.in पर जाकर 2003 की मतदाता सूची भी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इस बीच राज्य में 5 करोड़ 73 लाख से अधिक वोटर्स को बीएलओ द्वारा एन्युमरेशन फॉर्म का वितरण किया जा चुका है। प्रदेश में गणना पत्रक डिजीटाइजेशन का काम 57.05 प्रतिशत पूरा हो गया है।

बीएलओ की मुश्किलों में और बढ़ोत्तरी

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 23 नवंबर तक प्रदेश के 5 करोड़ 73 लाख 2 हजार 531 वोटर्स को गणना पत्रक दिए जा चुके हैं। इनमें से 3 करोड़ 27 लाख 48 हजार 305 गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन भी पूरा किया जा चुका है, जो कुल गणना पत्रकों का 57.05 प्रतिशत है। इस प्रकार प्रदेश में अभी भी 40 प्रतिशत से ज्यादा काम शेष है। डिजिटाइजेशन का काम तय समय सीमा में पूरा करने का जबर्दस्त दबाव है। ऐसे में प्रदेशभर में वोटर्स को घर घर जाकर ढूंढने में जुटे बीएलओ की मुश्किलों में और बढ़ोत्तरी हो गई है। प्रदेश में एसआईआर के काम में 65014 बूथ लेवल अधिकारियों को तैनात किया गया है। सभी बीएलओ घर घर जाकर वोटर्स को ढूंढ रहे हैं।

मंत्री सारंग बोले- अरशद मदनी की भी जांच होनी चाहिए

वह भी आतंकवाद–देशद्रोह से जुड़ा; मदनी ने अल–फलाह यूनिवर्सिटी पर कार्रवाई को गलत बताया था

भोपाल/नवप्रदेश। अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर हुई कार्रवाई को लेकर जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के विवादित बयान ने राजनीतिक माहौल गर्मा दिया है। मदनी ने सहारनपुर में कहा था कि सरकार सुनियोजित रूप से मुस्लिम संस्थानों को निशाना बना रही है और दावा किया था कि ÷अगर किसी यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर मुसलमान होगा, तो वह जेल ही जाएगा। उनके इस बयान पर मध्य प्रदेश के खेल, युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। सारंग ने कहा, मदनी के इस बयान के बाद उसकी भी पूरी जांच होनी चाहिए। वह भी कहीं-ना-कहीं आतंकवाद और देशद्रोह से जुड़ा हुआ है। मंत्री सारंग ने आरोप लगाया कि मदनी जानबूझकर देश के माहौल को जहरीला बनाने की कोशिश कर रहे हैं और हर कानूनी कार्रवाई को सांप्रदायिक चश्मे से देखने की आदत बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि मदनी जैसे लोग देश की संस्थाओं, न्यायपालिका और सुरक्षा एजेंसियों पर लगातार अविश्वास फैलाकर एक खतरनाक नरेटिव खड़ा कर रहे हैं।

ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की दिलाई याद

सारंग ने याद दिलाया कि देश ने डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे गौरवशाली मुस्लिम व्यक्तित्वों को सर्वोच्च सम्मान दिया है। उन्होंने कहा भारत में प्रतिभा को धर्म नहीं, काम देखा जाता है। लेकिन मदनी जैसे नेता तुष्टीकरण की राजनीति के सहारे मुस्लिम समाज को डराने और गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस और विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि दशकों तक चली मुस्लिम परस्ती और वोटबैंक की राजनीति ने ऐसे नेताओं को बढ़ावा दिया, जो अब हर मुद्दे पर देशविरोधी बयान देकर समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। सारंग ने यह भी कहा कि अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर कार्रवाई कानून के अनुसार हुई है, और यदि किसी संस्था में वित्तीय अनियमितता, अवैध निर्माण या दूसरे गंभीर आरोप होंगे, तो जांच होगी। चाहे वह किसी भी समुदाय से जुड़ी हो। उन्होंने कहा कि कानूनी कार्रवाई को 'मुस्लिम संस्थाओं पर हमला' बताना सिर्फ राजनीतिक खेल है। मंत्री ने कहा कि मदनी की गतिविधियों की गहन जांच की जाए, ताकि सच सामने आ सके।

मौलाना मदनी बोले- मुसलमान वाइस चांसलर बनेगा, तो जाएगा जेल

दिल्ली में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर सीधा और तीखा हमला बोला। अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर हाल ही में हुई कार्रवाई को लेकर मौलाना मदनी ने बेहद विवादित बयान देते हुए कहा कि सरकार सुनियोजित तरीके से मुसलमानों को निशाना बना रही है।

न्यूज गैलरी

समावेशी शिक्षा पर विकासखंड स्तरीय अभिभावक कार्यशाला सम्पन्न

बीजापुर/ नवप्रदेश। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं समग्र शिक्षा कार्यालय बीजापुर के निर्देशन पर एवं जिला मिशन समन्वयक तथा सहायक कार्यक्रम समन्वयक (समावेशी शिक्षा) तारकेश्वर पैकरा के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय अभिभावक/पालक कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को ब्लॉक स्त्रोत केंद्र समग्र शिक्षा बीजापुर में किया गया। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे शुरू हुआ, जिसमें अभिभावकों को समावेशी शिक्षा से जुड़ी समस्त गतिविधियों, प्रक्रियाओं और योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के दौरान विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग बच्चों को आवश्यक उपकरण एवं सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) जागेश्वर कौशल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नागेश्वर निषाद, खंड स्त्रोत समन्वयक राजेश मिश्रा, बीआरपी समावेशी शिक्षा प्रभारी चितूराम बघेल सहित समस्त स्टाफ की मौजूदगी रही। अधिकारियों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

सुदूर अंचलों में बीएलओ का उत्कृष्ट कार्य

बीजापुर/ नवप्रदेश। जिला प्रशासन के नेतृत्व में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) अभियान के तहत बीजापुर के दूरस्थ और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में बीएलओ और प्रशासनिक टीम द्वारा किए जा रहे कार्य ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। नदी, पहाड़ और घने जंगलों से घिरे नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र में भी प्रशासन मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।भैरमगढ़ ब्लॉक के कुटरु क्षेत्र में बीएलओ और स्थानीय प्रशासनिक टीम ने इन्द्रावती नदी को नाव से पार कर जर्रामरका, हुर्रेगवाली, पुसलंका, चिन्नाटोकामेटा और छोटेबोदली जैसे दुर्गम गांवों में पहुँच बनाई। कठिन पहाड़ी रास्तों से गुजरते हुए और कई किलोमीटर पैदल सफर करते हुए टीम ने 300 से अधिक मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित किए।

चिन्नालाकोड़ेपाल, एवं चिन्नाकवाली में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

बीजापुर / नवप्रदेश। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम चिन्नालाकोड़ेपाल स्थित माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को एक विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस मौके पर लगभग 435 छात्र, शिक्षक एवं ग्रामीण समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन SBI Sanjeevani MMU टीम द्वारा किया गया, जिसे SBI Foundation का सहयोग प्राप्त है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय एवं ग्रामीण समाज में दैनिक स्वच्छता आदतों, पर्यावरण संरक्षण और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को व्यापक स्तर पर प्रसारित करना था।

यूनिटी मार्च को लेकर जन सहयोग समाजसेवी संस्था का स्वच्छता अभियान ...

कांकेर / नवप्रदेश। शहर के नामचीन समाजसेवी संस्था जन सहयोग ने प्रति रविवार शहर के विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का सन्देश देता नज़र आता है। लेकिन 23 नवंबर रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यक्रम 'यूनिटी मार्च के रैली में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती तथा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती महोत्सव के कार्यक्रम समानांतर चल रहे हैं जिसके लिए एक वर्चुअल मीटिंग में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव प्रदेश भाजपा के संगठन प्रमुख पवन साय स्वच्छता अभियान के प्रदेश संयोजक शंभूराम गुप्ता भाजपा जिलाअध्यक्ष महेश जैन सहितअन्य वरिष्ठ नेताओं ने निर्देश दिया था और जन सहयोग समाजसेवी संगठन से भी यूनिटी मार्च के कार्यक्रम पथ पर स्वच्छता अभियान चलाने की अपील की थी जिसे स्वीकार करते हुए जन सहयोग द्वारा आज सुबह से ही यूनिटी मार्च के प्रथम केंद्र बिंदु गोविंदपुर मैदान अर्जुनी में अपना स्वच्छता अभियान प्रारंभ कर दिया गया।जिसमें जन सहयोग की ओर से अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी जो भाजपा की ओर से स्वच्छता अभियान के जिला प्रभारी भी हैं) के अलावा भूतपूर्व सैनिक टी के जैन अखिल भारतीय पूर्व सैनिक कल्याण परिषद, जितेंद्र प्रताप देव धर्मेंद्र देव पन्नालाल कवाची चैतूराम टीकम बिरजू राम कवाची श्रीमती लता गावडे श्रीमती सुमित्रा कवाची, गोलू कोर्राम, श्री विष्णु कवाडे सरपंच मनोज कवाची उप सरपंच सरवन टीकम राजकुमार मंडावी, कुमारी होलिका मंडावी एवं ग्राम वासियों तथा अनेक स्कूली छात्रों ने भी भारत माता तथा छत्तीसगढ़ महतारी की जय के नारे लगाते हुए अपनी ओर से भरपूर परिश्रम करते हुए भारी मात्रा में कूड़ा कचरा साफकर नष्ट करने में उल्लेखनीय सहयोग दिया। संलग्न ग्राम वासी युवकों माताओं, बहनों ने भी श्रमदान में बढ़-चढ़कर भाग लिया ।

दसपुर उपार्जन केन्द्र में शुभारंभ से पहले गोदाम से मिला 63 कट्टा अवैध धान

अधिकारियों के सामने बंद पड़े गोदाम से निकला अवैध धान अफसरों के उड़े होश

अवैध धान का पंचनामा तैयार जांच के लिए बनी टीम

कांकेर / नवप्रदेश। धान खरीदी केंद्रों में ताला लटका है। अधिकांश धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी केंद्रों में बोहनी तक नहीं हुई है।

कांकेर मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर बसे ग्राम पंचायत दसपुर के धान खरीदी केंद्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत दसपुर के धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी केंद्र के शुभारंभ से पहले धान खरीदी केंद्र के एक रुम से अवैध रूप से रखे 63 कट्टा धान बरामद किया गया है। कांकेर तहसीलदार ने अवैध 63 कट्टा धान का पंचनामा तैयार कर जांच किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत दसपुर के धान खरीदी केंद्र से मिले 63 कट्टा अवैध धान की जानकारी देते हुए तहसीलदार पुष्पराज पात्र ने बताया कि 18 नवंबर 2025 दिन मंगलवार को सहकारी समिति धान उपार्जन केन्द्र दसपुर के समस्त कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में होने के कारण गोदाम क्रमांक 1 का ताले की चाबी नहीं होने के कारण लहसीलदार कांकेर व सरपंच ग्राम पंचायत दसपुर कोटवार तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में ताला तोड़ा गया जहां खाली पड़े गोदाम में 63 कट्टा अवैध धान मिलने से अफसरो के होश उड़ गए।तहसीलदार ने खाद्य विभाग के फूड ऑफिसर को जांच के निर्देश दिए है।

कंप्यूटर ऑपरेटर बसंत साहू के पास थी गोदाम की चाबी!

ग्राम पंचायत दसपुर के धान उपार्जन केन्द्र से मिले 63 कट्टा अवैध धान मिलने की जानकारी देते हुए किसानों ने बताया कि तत्कालीन साल में धान खरीदी केंद्र में कंप्यूटर ऑपरेटर बसंत साहू की जानकारी मिली है जिस गोदाम से 63 कट्टा अवैध धान मिला है उस गोदाम की चाबी बसंत साहू के पास रहती थी। 63 कट्टा धान उपार्जन केंद्र से मिलने से दसपुर उपार्जन केन्द्र पर सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर इतने बड़े पैमाने में अवैध धान को खपाए जाने की आशंका जताई जा रही है। बाहर हाल विभागीय जांच से सारी आशंकाए दूर होगा!

आखिर बंद पड़े गोदाम में 63 कट्टा धान कौन रखा उठ रहा सवाल!

बता दें कि दसपुर उपार्जन केन्द्र में शुभारंभ नहीं हुआ है। लेकिन धान उपार्जन केन्द्र के गोदाम में 63 कट्टा अवैध धान अधिकारियों के सामने पाया गया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर इस अवैध धान के पीछे की पूरी कहानी कौन रच रहा था अवैध धान किसका है किसने बंद गोदाम में रखा ऐसे कई सवाल अवैध धान को लेकर उठ रहे है। बाहर हाल सूत्रों के अनुसार केंद्र प्रभारी नरेंद्र साहू है और कंप्यूटर ऑपरेटर बसंत साहू जिसके पास बंद पड़े गोदाम की चाबी होती है फिर अधिकारीयो को ताला क्यों तोडना पड़ा ऐसे कई अनसुलझे सवाल खड़े हो रहे है!

नशीली दवा की तस्करी में अभियुक्त शिवप्रसाद को सज़ा

मोटरसाइकिल व मोबाइल जब्त

विशेष न्यायाधीश शैलेश तिवारी ने सुनाया फैसला

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। नशीली दवाओं की तस्करी के गंभीर अपराध में बैकुंठपुर विशेष न्यायालय (एनडीपीएस एक्ट) ने कड़ा रुख अपनाते हुए अभियुक्त शिवप्रसाद साहू को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश शैलेश कुमार तिवारी ने मामले में निर्णय सुनाते हुए सज़ा और जुर्माना निर्धारित किया तथा जब्त संपत्तियों को न्यायालय में प्रदत्त कर दिया।

प्रकरण के अनुसार 18 अक्टूबर 2024 को दोपहर लगभग 3 बजे थाना पटना पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि ग्राम गिरजापुर अटल तिराहा के पास एक व्यक्ति मोटरसाइकिल क्रमांक ष्टत्र 16 ष्टत्र 6486 में भारी मात्रा में अवैध नशीली दवा लेकर बिक्री के उद्देश्य से परिवहन कर रहा है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक लवांग सिंह की टीम ने तत्परता दिखाते हुए संदिग्ध वाहन को रोका। जांच पर वाहन चालक आरोपी शिवप्रसाद साहू निकला।

तलाशी के दौरान पुलिस ने पीयेवॉन स्पास प्लस कैप्सूल के 17,520 नग, कुल 6745.200 ग्राम, बरामद किए। पुलिस के अनुसार यह दवा Tramadol मिश्रण श्रेणी की है, जो सरकार की अधिसूचना क्रमांक 238॥ के अनुसार वाणिज्यिक मात्रा में आती है। आरोपी से लाइसेंस व चिकित्सकीय अनुमति पत्र मांगे जाने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद दवा, मोटरसाइकिल और संबंधित सामग्री जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

न्यायालयीन विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने साक्ष्यों के साथ बताया कि आरोपी अवैध नशीली दवाओं की तस्करी में संलिप्त था तथा बरामद माल बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। बचाव पक्ष द्वारा पेश तर्कों को ठोस प्रमाणों के अभाव में न्यायालय ने खारिज कर दिया।

निर्णय में विशेष न्यायालय ने दोषसिद्धि के साथ दंड निर्धारित किया तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन को जब्त संपत्ति के रूप में न्यायालय में जमा करने का आदेश दिया।

पीजी कालेज कांकेर में जनजातिय गौरव दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

कांकेर / नवप्रदेश। अग्रणी महाविद्यालय भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में भगवान बिरसा मुण्डा जयंती तथा जनतातिय गौरव माह के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आशारमा नेताम (विधायक, विधानसभा क्षेत्र कांकेर) मुख्य वक्ता विकास मरकाम (अध्यक्ष, छ.ग. आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य स्वस्थ्य परंपरा एवं औषधि पादम बोर्ड, राज्य मंत्री) विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र भाऊ (अध्यक्ष जनभागीदारी) थे तथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रांरभ एन.एस.एस के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य तथा जनजातिय शहीदों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

राजकीय गीत के पश्चात डॉ. लक्ष्मी लेकाम द्वारा परिचयात्मक उद्बोधन तथा प्राचार्य स्वागत भाषण दिया गया। मुख्य वक्ता विकास मरकाम ने भगवान बिरसा मुण्डा की अमर कहानी के साथ-साथ शहीद गेंदसिंह, वीरनारयण सिंह गुण्डाधुर, लांगुर किसान (सरगुजा) आदि की वीर गाथा का वर्णन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन सबका संघर्ष अविस्मरणीय है और वर्तमान शासन प्रशासन द्वारा इस दिशा में अथक प्रयास किया जा रहा है। जिससे हम उन शहीदों को भी जान पाए है जो गुमनाम शहादत के पीछे थे। विधायक आशाराम नेताम ने कहा हमारे आदिवासी भाइयों का जीवन पड़ा कठिन होता है। इस संच से मैं शासन प्रशासन को धन्यवाद देता हूँ कि जनजातिय गौरव को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए और विश्व में इस संसकृति को परोसने में उनका अमूल्य योगदान है। हम प्रकृति के पुजारी है और तीर, कमान, भाला हमारी पहचान है। बंदूक हमारी संस्कृति में नहीं है। लोगों से मिलजुल कर रहना हमारी जनजाति का स्वभाव है। आज संस्कृति में पढ़-लिखकर विकृति आ गई है। पाश्चात्य सभ्यता से इसे बचाना होगा।

मोबाइल दुकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

★ पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए चोर और मोबाइल को किया बरामद

कांकेर / नवप्रदेश। शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में 20 नवंबर की दरमियानी रात नरेंद्र मोबाइल में अज्ञात चोर के द्वारा 45 हजार के मोबाइल को ले उड़ा। लेकिन चोर कितना भी शातिर क्यों न हो चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। कोतवाली पुलिस में दुकान संचालक के चोरी की घटना के शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस एक्टिव मोड पर आकर चोर और चोरी किए गए मोबाइल को बरामद कर लिया गया है।

चोरी का गिरफ्तार आरोपी पड़ोसी जिला कोंडागांव के ग्राम धनोरा निवासी दिनेश कुमार मण्डावी पिता जीस्व रूपसिंह उम्र 21वर्ष निवासी पटेलपारा फुन्डेर को गिरफ्तार किया गया है।

कोतवाली पुलिस मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र साहू पिता विजय लाल साहू निवासी बरदेभाठा थाना कांकेर जिला कांकेर थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने नाम से नरेन्द्र मोबाईल दुकान महाराणा प्रताप चैंक नया बस स्टैण्ड के सामने दुकान हैं जिसमें 20नवंबर 2025 के रात्रि करीबन 3.30 बजे के आस- पास अज्ञात व्यक्ति के द्वारा टीना शीट को तोड़कर अन्दर घुसकर दुकान में रखे 06 नग नये मोबाईल नग किमती 9000 रूपये कुल किमती 45800 रूपये का फोन को चोरी कर ले गया है।प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध 409/25 धारा 331(4),05(ं) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना कांकेर पुलिस द्वारा अज्ञात चोर के संबंध में लगातार पतासाजी करते हुऐ 23 नवंबर 2025 को शिवनगर कांकेर में आरोपी को घेराबंदी कर पूछताछ करने पर अपना नाम दिनेश कुमार मण्डावी निवासी फुन्डेर थाना धनोरा जिला कोण्डागांव का रहना बताया एवं घटना दिनांक को चोरी करना कबूल करने पर 23 नवंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया एवं चोरी हुऐ 06 नग मोबाईल को बरामद कर विधिवत् कार्यवाही किया जाकर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर प्रधान आरक्षक शिव बेसरे पुरन साहू रूद्र जुर्री थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही।

पेज 1 का शेष

दीपफेक और आतंकवाद में ...

सकता है। इसलिए समय रहते पूरी दुनिया को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। मोदी-रामफोसा की द्विपक्षीय बैठक, टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट पर चर्चा की।

मोदी बोले- वैश्विक संस्थानों में सुधार की जरूरत

मोदी जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका नेताओं की बैठक में शामिल हुए। इसमें विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी शामिल हुए। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा और दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा भी बैठक में मौजूद रहे।

खनिजों की महत्वपूर्ण भूमिका

महत्वपूर्ण खनिजों पर जोर देते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक विकास के लिए स्थिरता और स्वच्छ ऊर्जा आवश्यक हैं, जिसमें इन खनिजों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने इन खनिजों को मानवता की साझी संपदा बताया। उन्होंने कहाः ÷इसलिए, भारत जी20 क्रिटिकल खनिज चक्रीय पहल का प्रस्ताव रखता है। यह पहल री-साइक्लिंग, अर्बन माइनिंग और सेकंड-लाइफ बैटरी जैसे नवाचारों को बढ़ावा दे सकती है।

टीम का ऐलान, 3 दिसंबर...

के खिलाफ बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले ऋतुराज की अरसे बाद वापसी हुई है। जबकि तिलक वर्मा भी टी20 इंटरनेशनल में अच्छा प्रदर्शन के चलते ओडीआई सेटअप में वापस आए हैं। ऋतुराज ने भारत के लिए 6 और तिलक ने 4 वनडे इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और ऋषभ पंत भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं। ये दोनों स्टार खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर वनडे टीम का पार्ट नहीं थे। 15 सदस्यीय टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा के रूप में दिग्गज बल्लेबाज मौजूद हैं। भारत-साउथ अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को रांची में होना है।

तेजस क्रैशः विंग ...

स्याल का पार्थिव शरीर तमिलनाडु के एयर फोर्स स्टेशन सुलूर पहुंचा। यह वही बेस है जहां से आईएएफ की नंबर 45 स्क्वाड्रन एचएएल तेजस फाइटर जेट का संचालन करती है।

दुबई एयर शो में तेजस के क्रैश होने से हुआ हादसा

शुक्रवार शाम दुबई एयर शो के दौरान एक एयर डिस्प्ले के वक्त भारतीय वायुसेना का तेजस फाइटर जेट अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वीडियो में दिखा कि विमान हवा में नियंत्रण खोकर तेजी से नीचे गिरा और टकराते ही आग का गोला बन गया। इस भीषण हादसे में विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत हो गई।

विस अध्यक्ष रमन सिंह का ...

बताते हैं कि ग्राउंड इंटेलिजेंस, आधुनिक हथियारों और संयुक्त ऑपरेशन के कारण नतीजे प्रभावी रहे हैं। सम्मेलन में आगे की रणनीति का ब्लूप्रिंट भी तैयार होने की उम्मीद है।

इन्दौर स्वच्छता और स्वाद के

डॉ. यादव ने मैराथन के सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए मैराथन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फिटनेस, सामूहिक चेतना और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित ÷वन इन्दौर-रन इन्दौर÷ मैराथन का यह भव्य आयोजन इन्दौर शहर के लिए गर्व का विषय है। यह आयोजन यूनाइटेड इन्दौर की भावना को सशक्त करने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य इन्दौरवासियों में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, सामुदायिक एकता को मजबूत करना और फिटनेस को एक जनआंदोलन का रूप देना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपने शहर के लिए इतने संवेदनशील विषय पर आयोजित मैराथन में भौतिक नहीं पर भावनात्मक रूप से वे स्वयं भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि इस कार्यक्रम में 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। मैराथन की 3, 5 और 7 किलोमीटर रन की श्रेणियों में दौड़ने के लिए उनकी उपस्थिति इन्दौर की जागरूकता और उत्साह का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इन्दौर की जनता हमेशा से सकारात्मक पहल में अग्रणी रही है। यह कार्यक्रम शहर की ऊर्जा, उमंग और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता को नई दिशा प्रदान करेगा। स्वच्छता में देश का निरंतर नेतृत्व करने वाला हमारा इन्दौर, अब स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी देश में नम्बर 1 बने, यह हम सभी का सामूहिक संकल्प है। ÷वन इन्दौर-रन इन्दौर÷ उसी दिशा में एक सशक्त पहल है। यह कार्यक्रम इन्दौरवासियों में फिटनेस के प्रति उत्साह को और अधिक बढ़ाएगा, साथ ही स्वस्थ समाज निर्माण का संदेश पूरे प्रदेश में प्रसारित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास के साथ प्रदेशवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी राज्य सरकार द्वारा निरंतर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। युवाओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य के आधार, खेल को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि अब प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से प्रदेश के खिलाड़ी पदक लेकर ही लौट रहे हैं। इसका हाल का उदाहरण सुश्री क्रांति गौड हैं, जिन्होंने महिला वर्ल्ड कप में विश्व में अपनी प्रतिभा स्थापित की। राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप उन्हें एक करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई। इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मैंदोला, श्री मधु वर्मा सहित ब?ी संख्या में युवा वर्ग उपस्थित रहा।

विरासत से विकास के पथ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों, महिलाओं और युवाओं के बेहतरी के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। नदी जोड़ो अभियान के अंतर्गत प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने और हर खेत तक पानी पहुंचाने के लक्ष्य का कार्य जारी है। भावान्तर योजना से सोयाबीन का वाजिब मूल्य दिलाते हुए किसानों के हक के पैसे उनके खातों में भेजे जा रहे हैं। किसानों से गेंहूँ की खरीदी भी 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। महिला सशक्तिकरण के लिए लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह की गई है। उद्योगों में काम करने वाली बहनों को 5 हजार रुपये प्रतिमाह दिलाने के उद्देश्य से नारी सशक्तिकरण योजना के तहत उद्योगों को राशि उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश में हर युवा को रोजगार से जोड़ते हुए उनकी जिन्दगी बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

केन-बेतवा लिंक परियोजना से

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को देश का नम्बर वन प्रांत बनाने के लिए सभी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। दानवीर डॉ. हरीसिंह गौर द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाया गया। विद्यार्थियों के हित में वीरांगना अवंति बाई लोधी विश्वविद्यालय प्रारंभ कर नई सुविधा उपलब्ध करवाई गई। शीघ्र ही कृषि के क्षेत्र में बुंदेलखंड पंजाब और हरियाणा को पीछे छो? देगा। सागर जिले सहित सागर संभाग के सभी जिलों में विकास की गंगा बहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि तहसील मुख्यालय बण्डा में आज लगभग 31 करो? रुपए की लागत से नव निर्मित सर्वसुविधा युक्त सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण

इस साल के 99% दिन भारतीयों ने झेली चरम मौसम की मार... इस हाल के जिम्मेदार भी हम

नई दिल्ली। भारत में मौसम अब पहले जैसा नहीं रहा. साल 2025 के पहले 9 महीनों (जनवरी से सितंबर) में कुल 273 दिनों में से 270 दिन देश के किसी न किसी हिस्से में चरम मौसमकी घटनाएं हुईं. यानी करीब 99त्न दिन भारत ने लू, शीत लहर, आंधी-तूफान, भारी बारिश, बाढ़, भूस्खलन या बिजली गिरने जैसी आपदाएं झेलीं.

यह खुलासा सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट और डाउन टू अर्थ की नई रिपोर्ट क्लाइमेट इंडिया 2025 में हुआ है. रिपोर्ट कहती है कि अब चरम मौसम पूरे देश में फैल गया है. सभी 36 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्रभावित हुए – यह पिछले 4 साल में पहली बार हुआ है. इससे मौतें भी 48% बढ़ गईं - 2025 में 4064 लोग मारे गए.

चरम मौसम क्या होता है?

संयुक्त राष्ट्र के IPCC के अनुसार, चरम मौसम वो घटनाएं हैं जो किसी जगह पर सामान्य से बहुत अलग और खतरनाक होती हैं. भारत में IMD (मौसम विभाग) इन्हें इस तरह परिभाषित करता है...

बहुत भारी बारिश: 24 घंटे में 12-20 सेमी से ज्यादा.

लू: तापमान 40-45 डिग्री से ऊपर.

शीत लहर: बहुत ठंड.

चक्रवात, बाढ़, भूस्खलन, ओले, आंधी, बिजली गिरना आदि.

IMD की वेबसाइट क्लाइमेट हजार्डस एंड वल्नेरेबिलिटी एटलस ऑफइंडिया (2022 में लॉन्च) में ये परिभाषाएं हैं.

वैज्ञानिक कारण: जलवायु परिवर्तन मुख्य दोषी

चरम मौसम क्यों बढ़ रहा है? वैज्ञानिकों के अनुसार, मुख्य कारण मानव गतिविधियां हैं जो जलवायु बदल रही हैं. यहां सरल भाषा में कारण...

ग्रीनहाउस गैसें और ग्लोबल वॉर्मिंग: हम कोयला, पेट्रोल-डीजल जलाते हैं तो ष्टह्र2, मीथेन जैसी गैसें निकलती हैं. ये गैसें सूरज की गर्मी को धरती से बाहर नहीं जाने देतीं ङ्क इसे ग्रीनहाउस प्रभाव कहते हैं. 1957 के बाद 2024-25 में ष्टह्र2 का सबसे बड़ा इजाफा हुआ. नतीजा: धरती का तापमान 1.1-1.5 डिग्री बढ़ गया, जिससे लू 30 गुना ज्यादा होने लगी. भारत में 2024 की एक-तिहाई लू जलवायु परिवर्तन से आई.

समुद्र गर्म होना और ज्यादा नमी: हिंद महासागर तेजी से गर्म हो रहा है. गर्म पानी से ज्यादा भाप हवा में जाती है, जिससे बादल भारी हो जाते हैं. तेज बारिश होती है. इससे बाढ़, भूस्खलन बढ़े. केरल, हिमाचल में यही कारण है.

एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या, मृतकों में दो बच्चे भी शामिल

दुमका। झारखंड के दुमका जिले में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या से सनसनी फैल गई है। घटना हंसडीहा थाना क्षेत्र के बरदेही गांव की है, जहां पति, पत्नी और उनके दो छोटे बच्चों के शव मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच शुरू कर दी है। यह वारदात जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर हुई। पुलिस के अनुसार, घर के अंदर पत्नी और दोनों बच्चों के शव मिले, जबकि पति का शव घर से लगभग 500 मीटर दूरी पर खेत में पाया गया। पति के गले पर रस्सी के निशान मिले हैं, जिससे मामले को लेकर कई तरह के संदेह पैदा हो रहे हैं। मृतकों की पहचान बीरेंद्र कुमार (32), उनकी पत्नी आरती कुमारी (27), बेटे विराज (2) और बेटी रूही (4) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, बीरेंद्र मछली बेचने का काम करते थे और दो दिन पहले ही पत्नी को मायके से वापस लाए थे। रविवार सुबह जब घर का दरवाजा खोला गया, तो अंदर आरती और बच्चों के शव पड़े मिले। इसके बाद ग्रामीणों ने बीरेंद्र की तलाश की और उनका शव खेत में मिला। सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना प्रभारी ताराचंद दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घर तथा आसपास के इलाके की जांच शुरू की। दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि पुलिस टीम स्थल पर मौजूद है और मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।

प्रदूषण पर सरकार का बड़ा एक्शन डीजल ऑटो पर लगाया कंपलीट बैन

नोएडा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण के स्तर को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक सख्त और बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से नोएडा और गाजियाबाद में डीजल से चलने वाले ऑटो रिक्शा पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को जानकारी दी कि यूपी सरकार ने एनसीआर के यूपी क्लस्टर में डीजल वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को रोकने के लिए यह आदेश जारी किया है, जिसके तहत अब इन दो प्रमुख शहरों में डीजल ऑटो सड़कों पर नहीं दौड़ सकेंगे। यह कार्रवाई प्रदूषण से निपटने के लिए तैयार किए गए एक व्यापक एक्शन प्लान का हिस्सा है। प्रशासन ने न केवल नोएडा और गाजियाबाद, बल्कि एनसीआर के अन्य जिलों के लिए भी समयसीमा निर्धारित कर दी है। आदेश के अनुसार, बागपत जिले में भी इस साल के अंत तक यानी 31 दिसंबर 2025 के बाद डीजल ऑटो पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

दो साल में 5 डॉक्टरों ने मिलकर जुटाए थे 26 लाख रुपये

कई शहरों को थी दहलाने की साजिश दिल्ली ब्लास्ट में बड़ा खुलासा

नई दिल्ली। व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल मामले के मुख्य आरोपी मुजम्मिल गनी ने हद्ध की पूछताछ में कई अहम बातें बताई हैं। उसके अनुसार, 5 डॉक्टरों ने मिलकर 26 लाख रुपये जुटाए थे, ताकि देश के कई शहरों में एक साथ बड़े हमले किए जा सकें। यह नेटवर्क करीब दो साल से विस्फोटक सामग्री और रिमोट ट्रिगर डिवाइस इकट्ठा करता रहा। अधिकारियों ने बताया कि गनी ने खुद 5 लाख रुपये दिए, आदिल अहमद राथर ने 8 लाख, उसके भाई मुजफ्फर राथर ने 6 लाख, शाहीन शाहिद ने 5 लाख और डॉ. उमर उन-नबी ने 2 लाख रुपये दिए। सारी रकम उमर को दी गई थी, जिससे संकेत मिलता है कि मुख्य जिम्मेदारी उसी के पास थी। गनी ने स्वीकार किया कि उसने गुरुग्राम और नूह से 3 लाख रुपये में 26 क्विंटल हक्क्र खाद खरीदी थी। अधिकारियों के अनुसार, गनी की भूमिका सामग्री इकट्ठा करने की थी, जबकि उमर इस खाद को विस्फोटक में बदलने और रिमोट डेटोनेटर तैयार करने का काम देख रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि बड़ी मात्रा में अमोनियम

नाइट्रेट और यूरिया भी जमा किया गया था। हमले से जुड़े कामों को स्पष्ट रूप से बांटा गया था, तकनीकी हिस्से की जिम्मेदारी उमर पर थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक तीन डॉक्टर–मुजम्मिल गनी, शाहीन शाहिद और आदिल राथर–गिरफ्तार हो चुके हैं। आदिल का भाई मुजफ्फर राथर अफगानिस्तान में होने की आशंका है। अल-फलाह मेडिकल कॉलेज में काम करने वाले निसार उल-हसन की तलाश जारी है। जांचकर्ताओं का मानना है कि 10 नवंबर को लाल किले के पास कार में रखे विस्फोटकों को भी उमर ने ही सक्रिय किया था।

बड़ा खुलासा! यासीन मलिक ने ही वायुसेना के जवानों पर चलाई थी गोलियां, 34 साल बाद दो गवाहों ने की पहचान

जम्मू। श्रीनगर में वर्ष 1990 में वायुसेना अधिकारी सहित चार कर्मियों की हत्या मामले में शनिवार को जम्मू की टाडा अदालत में दो प्रमुख चश्मदीद गवाहों ने आतंकी और मुख्य आरोपित यासीन मलिक समेत तीन अन्य–जावेद मीर, नाना जी और शौकत बख्शी की कोर्ट में पहचान की। शनिवार को चारों आरोपियों की टाडा अदालत में पेशी हुई। यासीन मलिक तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में उपस्थित हुआ। जिरह के दौरान बुलाए गए दोनों अहम गवाहों–जिनमें वायुसेना का एक स्टाफर और एक अन्य चश्मदीद शामिल था–ने अदालत में स्पष्ट रूप से कहा कि हमला यासीन मलिक ने ही किया था। उन्होंने उसे मुख्य शूटर करार देते हुए बताया कि गोलीबारी उसी ने शुरू की थी। इस हमले में चार वायुसेना कर्मी शहीद हुए थे, जबकि 22 अन्य घायल हो गए थे। शहीदों में वायुसेना के अधिकारी रवि खन्ना भी शामिल थे। जिरह के दौरान गवाह अपने पहले दिए बयान पर दृढ़ रहे।

चक्रवाती तूफान की बढ़ी संभावना

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव क्षेत्र अब मजबूत हो गया है. मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि इसके आगे और विकसित होकर चक्रवात बनने की संभावना बढ़ गई है. आने वाले दिनों में मौसम पर इसका असर दिख सकता है. मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना है जिसका असर आने वाले दिनों में नजर आ सकता है.

बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना: आईएमडी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना है. इसके 24 नवंबर के आसपास अवदाब में बदलने की संभावना है. आईएमडी ने एक विशेष बुलेटिन जारी किया. इसमें कहा गया है कि मलक्का जलडमरूमध्य के पास दक्षिण अंडमान सागर में चक्रवाती परिसंचरण की वजह से एक कम दबाव क्षेत्र बना है. विभाग के अनुसार इसकी काफी संभावना है कि यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए 24 नवंबर 2025 के आसपास दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और पास के दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर अवदाब में बदल जाएगा.

कम दबाव क्षेत्र चक्रवाती तूफान बनेगा क्या? शनिवार को मौसम विभाग ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए बताया कि यह सिस्टम (जो अभी संभावित अवदाब है) पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ सकता है. यहीं नहीं अगले 48 घंटों में दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर और मजबूत होने की संभावना है. आईएमडी वैज्ञानिकों का कहना है कि यह कम दबाव क्षेत्र चक्रवाती तूफान बनेगा या नहीं, यह अभी निश्चित नहीं है.

खेल व्यापार एवं मनोरंजन

पहली बार विमेंस ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ, भारतीय टीम विजेता बनी

कोलंबो। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विमेंस ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप 2025 जीत लिया है. 23 नवंबर (रविवार) को कोलंबो के पी. सरवनमुट्टू स्टेडियम में आयोजित फाइनल में भारतीय टीम ने नेपाल को 7 विकेट से हराया. खिताबी मुकाबले में नेपाल ने भारत को जीत के लिए 115 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 12.1 ओवर में हासिल कर लिया.

पूरे टूर्नामेंट में टीम इंडिया एक भी मैच नहीं हारी और हर मुकाबले में अपना दबदबा दिखाया. इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार किया गया था. पहले ही संस्करण में भारतीय महिला टीम ने खिताब जीत इतिहास रच दिया. यह जीत भारत के लिए इसलिए भी

खास है क्योंकि लगभग तीन हफ्ते पहले ही भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 जीता था. ये दोनों जीतें दिखाती हैं कि भारत में महिलाओं का क्रिकेट अब काफी लोकप्रिय हो चुका है.

खिताबी मुकाबले भारत की कप्तान टीसी दीपिका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था. नेपाल की टीम निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 114 रन ही बना सकी. रनचेज में भारत की ओर से खुला शरिर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों पर नाबाद 44 रन बनाए और टीम को आसानी से जीत दिलाई.

इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया. वहीं नेपाल ने दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई. भारत ने लीग स्टेज के मैच में पाकिस्तान को 8 विकेट से पराजित किया था, जो उसके लिए यादगार जीत रही थी.

विमेन्स ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप 2025 में कुल छह देशों भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त राज्य अमेरिका ने भाग लिया. टूर्नामेंट की शुरुआत 11 नवंबर को नई दिल्ली में हुई, फिर कुछ मैच बेंगलुरु में खेले गए. इसके बाद नॉकआउट स्टेज के मुकाबले श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित हुए.

साउथ अफ्रीका के लिए सेनुरन मुथुसामी का यादगार शतक

गुवाहाटी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है. इस मुकाबले में दूसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है. दूसरे दिन (23 नवंबर) स्टम्प तक भारत ने अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 9 रन बना लिए. यशस्वी जायसवाल 7 और केएल राहुल 2 रनों पर नाबाद है. भारत की पहली पारी में 4.4 ओवरों का खेल हुआ है. भारत साउथ अफ्रीका से पहली पारी के आधार पर 480 रन पीछे है.

साउथ अफ्रीकी टीम ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए. भारतीय टीम को कोलकाता टेस्ट मैच में 30 रनों से हार का सामना करना पड़ा था. इस जीत के चलते साउथ अफ्रीका सीरीज में 1-0 से आगे है. टीम इंडिया को सीरीज ड्रॉ कराने के लिए ये मुकाबला जीतना ही होगा.

6 साल बड़े अक्षय कुमार की मां का रोल करके शेफाली शाह को हुआ पछतावा, बोलीं- अपनी कब्र खुद खोदी...

2005 की फिल्म 'वक्तः द रेस अगेंस्ट टाइम' में शेफाली शाह ने एक्टर अमिताभ बच्चन की पत्नी और अक्षय कुमार की मां का रोल किया था. जो उनसे उम्र में सिर्फ छह साल बड़े हैं.

'दिल्ली क्राइम' और 'ह्यूमन' जैसी वेब सीरीज से छाप छोड़ने वाली एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें अपने करियर में इतनी जल्दी मां का रोल करने का अफसोस है. दरअसल टाइम्स नाउ को दिए अपने इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि अक्षय कुमार की मां का किरदार निभाना उनके लिए किसी झटके से कम नहीं था. इस किरदार को निभाकर उन्होंने अपने लिये ही कब्र खोद ली थी. बता दें कि शेफाली के पति विपुल अमृतलाल शाह ने 'वक्त' फिल्म डायरेक्ट की थी. लेकिन उन्होंने शेफाली से इस रोल को न करने की सलाह दी थी. एक्ट्रेस ने कहा, 'मेरे पति ने कहा, इसे मत लो. अमितजी ने सुझाव दिया, क्यों न शेफाली को इसके लिए चुना जाए, और फिर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वह इसके लिए सूट करेंगी.' एक दिन मैंने अपने बालों में पाउडर लगाया ताकि मैं ज्यादा उम्र की और ज्यादा मैच्योर दिख सकूं।

मुख्यमंत्री के स्वागत में बासौदा के लोगों ने बालकनी से बरसाए फूल

मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री का बासौदा नगर आगमन पर अपार जन समूह ने किया भव्य स्वागत

विदिशा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय किसान कल्याण तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान का आज बासौदा नगर आगमन पर स्थानीय नागरिकों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों सहित अपार जन समूह ने भव्य स्वागत किया। बासौदा के धर्मकांटा से प्रारंभ हुए जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री जी और केंद्रीय कृषि मंत्री जी का स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी नगर वासियों का दोनों हाथ उठाकर अभिवादन स्वीकार करते हुए बासौदा नगर वासियों के अपार प्रेम और स्नेह के लिए धन्यवाद दिया। नगर में मुख्यमंत्री जी के आगमन पर स्थानीय नागरिकों के असीम प्रेम पुष्प बरसा से ही झलक रहे थे नगर की सड़क पुष्पमय हो गई थीं। रोड से गुजरने के दौरान रथ पर सवार मुख्यमंत्री जी और केंद्रीय कृषि मंत्री जी पर स्थानीय नागरिकों ने बालकनी से भी पुष्प वर्षा की पुष्प वर्षा इतनी भारी मात्रा में हुई की पूरी सड़क फूलों से भर गई। इस दौरान मुख्यमंत्री जी के साथ विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल, विधायक गण सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

ढोल ढमाकों से गूंजा बासौदा शहर –

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चैहान रथ पर सवार होकर बासौदा स्थित धर्मकांटा से शासकीय एसजीएस कॉलेज पहुंचे। इस दौरान संपूर्ण बासौदा नगर ढोल-धमाकों से गूंज उठा। स्थानीय लोग ढोल-ढमाकों और ढपली की थाप पर थिरकते हुए नजर आए। मुख्यमंत्री जी के स्वागत के साथ-साथ बाहर से आए नृत्य कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुति देकर स्थानीय नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया।

भगवान श्री कृष्ण और बाबा श्री महाकाल की तस्वीर की भेंट –

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बासौदा नगर आगमन पर स्थानीय नागरिकों ने आत्मीय स्वागत के साथ-साथ भगवान श्री कृष्ण जी और बाबा श्री महाकाल की तस्वीर भी भेंट की गई हैं। कई स्थलों पर गदा, त्रिशूल, तलवार सहित बासौदा नगर और विदिशा जिले के इतिहास व पर्यटन स्थलों पर आधारित अन्य प्रकार के स्मृति चिन्ह भेंटकर किए गए।

स्वागत करने वाले संगठन –

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान का बासौदा नगर आगमन पर स्थानीय विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठन द्वारा पुष्प वर्षा का स्वागत किया है, जिसमें बासौदा कृषि आदान विक्रेता संघ, सकल जैन समाज, भारतीय जैन मिलन, दांगी क्षत्रिय संघ, महाराणा प्रताप राजपूत समिति, जाट समाज, मप्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी, कर्मचारी संघ, पेंशनर एसोसिएशन, बासौदा पत्थर व्यापार संघ, जनपद पंचायत बासौदा एवं सरपंच संघ, शासकीय शिक्षक संगठन, प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, मप्र राज्य कर्मचारी संघ, पटवारी संघ, रघुवंशी समाज, अतिथि शिक्षक संघ, कुर्मी क्षत्रिय समाज, साहू समाज, मनरेगा ग्राम रोजगार महासंघ सहित अन्य सामाजिक धार्मिक सहित अन्य संगठन शामिल रहे।

न्यूज गैलरी

प्रदेश में हुए औचक निरीक्षण में की गई कड़ी कार्रवाई, उत्कृष्ट कार्यों की हुई सराहना

सीहोर सहित सात जिलों में किया गया था औचक निरीक्षण

सीहोर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार की दिशा में तय कार्य योजना के तहत 20 नवम्बर 2025 को लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंताओं के सात दलों द्वारा सीहोर, कटनी, अशोकनगर, बड़वानी, मऊगंज, उज्जैन एवं दमोह जिलों में औचक निरीक्षण किए गए। इन निरीक्षणों में कुल 35 निर्माण कार्यों का रेंडम आधार पर चयन कर परीक्षण किया गया। इसमें 21 कार्य लोक निर्माण विभाग (सड़क/पुल), 6 कार्य पीआईयू (भवन), 6 कार्य म.प्र. सड़क विकास निगम, 1 कार्य म.प्र. भवन विकास निगम और 1 कार्य लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग भोपाल के सम्मिलित रहे। निरीक्षण प्रतिवेदनों की समीक्षा बैठक म.प्र. सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री भरत यादव, आई.ए.एस. की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख अभियंता श्री के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) श्री एस.आर. बघेल, तकनीकी सलाहकार श्री आर.के. मेहरा, श्री बी.पी. बौरासी सहित विभाग के सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी ऑनलाइन उपस्थित रहे।

ब्लैक लिस्ट करने और कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने के निर्देश

समीक्षा के दौरान कटनी जिले के दो सड़क निर्माण कार्यों–भिलाई मोड़ से कटायेघाट झुरही तक मार्ग एवं कौड़िया बंधी धूरी खिरहनी पिपरिया मार्ग–की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों मेसर्स सुबीर कुमार एवं मेसर्स अमित सिंह को काली सूची में शामिल करने हेतु निर्देश दिए गए। अशोकनगर जिले के शासकीय महाविद्यालय पिपरई के भवन निर्माण कार्य में अत्यधिक धीमी प्रगति पर कार्यपालन यंत्री एवं ठेकेदार मेसर्स सिद्धार्थ बिल्डर्स को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त 13 कार्यों में आंशिक सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

उत्कृष्ट कार्यों की हुई प्रशंसा

सकारात्मक पक्ष में मऊगंज जिले के डूडा नाला (सेंगरी) पुल एवं दमोह जिले में हटाङ्कफतेहपुरङ्कबजानाङ्कदर्गुवा मार्ग के उत्कृष्ट निर्माण कार्यों की सराहना करते हुए संबंधित अधिकारियों–श्री वसीम खान, श्री रंजीत सिंह, श्री जगन्नाथ तिवारी, श्री पवन अरोरा, श्री एम.के. पटेल–तथा ठेकेदार मेसर्स आशा कंस्ट्रक्शन कंपनी रीवा एवं मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन की प्रशंसा की गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी निरीक्षण प्रतिवेदनों में दिए गए सुझावों का पालन सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की गुणवत्ता बढ़ाने, सड़क मरम्मत के साथ यातायात सुरक्षा, जंगल सफाई, रोड मार्किंग एवं ब्लैक स्पॉट सुधार कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। वर्षाकाल के पश्चात सड़क एवं पुलिया के आवश्यक संधारण कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा सभी पुल/पुलियों का सेफ्टी ऑडिट कराने का निर्णय लिया गया।

निमाड़ उत्सव के द्वितीय दिवस कबड्डी, कुश्ती व मेहंदी प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

खरगोन/नवप्रदेश। खरगोन 23 नवंबर 2025। निमाड़ उत्सव के दूसरे दिन रविवार को उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान में जिला स्तरीय बालिका वर्ग कबड्डी और ब्लॉक स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिताओं एवं किला परिसर में बालिकाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

जिला खेल अधिकारी सुश्री पवी दुबे ने बताया कि बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में जिले से 16 टीमों ने सहभागिता की। फाइनल मुकाबले रविवार देर शाम खेले गए, जिसमें दृष्टि पब्लिक स्कूल सनावद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बजरंग वॉरियर्स नांदरा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं ब्लॉक स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के 22 तथा महिला वर्ग के 5 पहलवानों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में रेफरी का दायित्व परमजीत बारसे ने निभाया। बालक वर्ग में 35:49 वेट केटेगरी में सावन मालवीय प्रथम एवं गौरव मानवे द्वितीय रहे। 49:59 वेट केटेगरी में महेश ओसारे ने प्रथम स्थान तथा भैरू सिंघाड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ओपन वर्ग में गौरव मेवाड़े प्रथम और रामपाल मकवाने द्वितीय रहे।

इसी प्रकार बालिका वर्ग में 30:40 वेट केटेगरी में तारुल कौर प्रथम और यशिका केवट द्वितीय रहीं। 40:49 वेट केटेगरी में काजल धार्वे ने प्रथम तथा दीपशिखा पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि ओपन वर्ग की विजेता हिना मालवीय रहीं। शिक्षा विभाग के क्रीड़ा निरीक्षक श्री हबीब बैग मिर्जा ने बताया कि बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल से आगे के मुकाबले सोमवार को खेले जाएंगे।

किला परिसर में दोपहर 12 बजे से मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 21 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। मेंहदी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में 14 और सीनियर वर्ग में 7 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। देवी अहिल्या घाट पर गत दिवस नौका सज्जा प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों की शानदार रचनात्मकता और कलात्मकता देखने को मिली, जिससे निमाड़ उत्सव में विशेष उत्साह भर गया। नौका सज्जा और मेंहदी प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा 24 नवंबर 2025 को की जाएगी।

स्ट्रा रीपर पर अनुदान की जानकारी प्रदाय की गई

नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा देने विशेष पहल

विदिशा/नवप्रदेश। नरवाई प्रबंधन को बड़ावा देने और किसानों में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री श्री शिवराजसिंह चैहान जी के गंजबासौदा आगमन के दौरान उन्नत कृषि यंत्रों की भव्य प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में विशेष रूप से स्ट्रा रीपर मशीन को केंद्र में रखते हुए अनुदान, लागत एवं लाभ संबंधी विस्तृत जानकारी कृषकों को प्रदान की गई। कृषि विभाग के उप संचालक श्री के एस खापेडिया ने बताया कि तकनीकी विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा स्ट्रा रीपर पर आकर्षक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे मशीन की कुल लागत का बड़ा हिस्सा सरकार वहन करती है। स्ट्रा रीपर की अनुमानित बाजार लागत, इसके उपयोग से खेतों में बचने वाले फसल अवशेषों (नरवाई) के सुरक्षित प्रबंधन के तरीके तथा इसके संचालन में होने वाले समय एवं लागत की बचत के बारे में भी विस्तार से समझाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि स्ट्रा रीपर के उपयोग से किसान नरवाई जलाने की प्रक्रिया से पूरी तरह मुक्त हो सकते हैं, जिससे वातावरण में प्रदूषण कम होता है और मिट्टी की ऊर्वरता बनी रहती है। इसी के साथ फसल अवशेषों का उपयोग पशुओं के चारे, खाद निर्माण तथा अन्य कृषि कार्यों में किया जा सकता है, जिससे किसान की अतिरिक्त आय के स्रोत भी विकसित होते हैं। कृषकों को यह भी बताया गया कि इच्छुक किसान निकटतम कृषि यांत्रिकीकरण केंद्र या पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर अनुदान का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया, पात्रता मापदंड एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने स्ट्रा रीपर और अन्य उन्नत कृषि यंत्रों के बारे में रुचि दिखाते हुए विभाग के विशेषज्ञों से जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान किसानों को आधुनिक खेती के लिए प्रोत्साहित करते हुए तकनीक अपनाने के महत्व पर भी बल दिया गया।

लोहा मंडी क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाया जाए: कलेक्टर वर्मा

कलेक्टर वर्मा की अध्यक्षता में लोहा व्यापारी एसोसिएशन और यातायात विभाग की संयुक्त बैठक सम्पन्न

इन्दौर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज रेसीडेंसी कोठी पर लोहा व्यापारी एसोसिएशन इंदौर और यातायात विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि इंदौर में प्रदेश की सबसे बड़ी लोहा मंडी है। यहाँ बड़ी संख्या में ट्रॉन्सपोर्ट व्यापारी है और यहाँ से प्रदेश और देशभर में भारी वाहनों की आवाजाही होती है। शहर में लोहा मंडी के अलावा पालदा, नवलखा और बड़ी संख्या में देवास नाका क्षेत्र में ट्रॉन्सपोर्ट होता हैं। पालदा से लेकर तीन ईमली, नवलखा चौहारा, अग्रसेन चौराहा से लेकर लोहा मंडी तक रोजाना बड़ी संख्या में भारी वाहनों की आवाजाही होती है। इस वजह से इस मार्ग पर बार-बार यातायात बाधित होता है। पालदा क्षेत्र में भी ट्रॉन्सपोर्ट व्यवसाय के होने से और तीन ईमली क्षेत्र में ट्रेवल्स तथा अग्रसेन चौराहे के आगे छावनी अनाज मंडी होने के कारण भी कई बार यातायात बाधित होता है। इस पूरे मार्ग पर जगह-जगह अतिक्रमण होने की वजह से यातायात बाधित होता है। इंदौर में एक ऐसी लोहा मंडी बनायी जाए जिससे यातायात भी बाधित न हो और भारी वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह हो। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने ट्रॉन्सपोर्ट मालिकों और व्यापारियों से कहा कि शहर में भारी वाहनों के कारण यातायात बाधित नहीं हो, इसलिए देवास नाका क्षेत्र में एक बड़ी लोहा मंडी बनाकर ट्रॉन्सपोर्ट व्यापारियों को दुकानें भी आवंटित कर दी थी, इसके बावजूद कुछ व्यापारियों ने अपना व्यवसाय देवास नाका क्षेत्र में संचालित नहीं किया और वे लोहा मंडी में ही अपना व्यापार कर रहे है। इस वजह से बार-बार यातायात बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिन व्यापारियों को दुकाने आवंटित हो चुकी है वे अपना व्यापार देवास नाका क्षेत्र में स्थित लोहा मंडी में संचालित करें। ट्रॉन्सपोर्ट मालिकों और व्यापारियों से कहा कि वे भारी वाहनों को लोड़िंग करते समय इस बात का ध्यान रखे कि कहीं भी यातायात बाधित न हो। ट्रक, आयशर और लोडिंग वाहनों को बेतरतीब सड़क किनारे पार्क नहीं करें, अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पूरे मार्ग पर जहाँ-जहाँ पर अवैध अतिक्रमण होगा, उसे चिन्हित कर शीघ्र हटाया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे तीन ईमली चौराहा से लेकर लोहा मंडी क्षेत्र तक यातायात का ऐसा प्लान तैयार करें, जिससे इस क्षेत्र में सुगम यातायात हो सकें। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, ट्रैफिक डीसीपी श्री आनंद कलादगी, एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक श्री संतोष कुमार कौल, आईडीए अध्यक्ष डॉ. परीक्षित झाड़े सहित लोहा व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारी, ट्रॉन्सपोर्ट व्यवसायी उपस्थित थे।

एसआईआर से संबंधित राजनैतिक दलों की जिज्ञासाओं का किया गया समाधान

हरदा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में संचालित मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिय के तहत राजनैतिक दलों की जिज्ञासाओं के समाधान के लिए रविवार को जिले के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुरुषोत्तम कुमार ने एसआईआर से संबंधित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया एवं जिले में अभी तक अभियान के तहत हुई प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों की मैपिंग हो गई है, उनके फॉर्म तत्काल जमा किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। राजनीतिक दलों के द्वारा नियुक्त बीएलए एसआईआर के काम में आवश्यक सहयोग प्रदान करें। यदि परिवार के एक सदस्य का नाम किसी कारण से छूट रहा है तो बाकी अन्य सदस्यों के नाम की मैपिंग की जाए। वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपना नाम इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट पर तलाशा जा सकता है। बैठक में बताया गया कि जिले में एसआईआर का काम पूरी शुद्धता के साथ करवाने के प्रयास किया जा रहे हैं।

20 हज़ार से अधिक इंदौरवासियों ने लगाया स्वास्थ्य के लिए दौड़ का दम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई, कहा इंदौर जो भी करता है अलग और अद्भुत करता है

3, 5 और 7 किमी श्रेणी में हजारों धावकों ने लिया हिस्सा, दिव्यांग प्रतिभागियों ने बढ़ाया उत्साह

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने दिखाई हरी झंडी

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने दिलाई स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की ली शपथ

इन्दौर/नवप्रदेश। रविवार की सुबह सड़कों पर कोहरा और साथ ही कड़कड़ाती सर्दी के बीच फिटनेस और स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश के साथ शहर के हजारों नागरिकों ने रन इंदौरङ्कवन इंदौर मैराथन में रन विथ मेयर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। 20 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने 3, 5 और 7 किलोमीटर की अलग-अलग श्रेणियों में दौड़ लगाकर फिट इंदौर का परिचय दिया। इस रन की एक अलग विशेषता में दिव्यांग धावकों की विशेष सहभागिता कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। उन्होंने अपने हौसले से सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत से हुई, इस दौरान इंदौर की स्वच्छता को नंबर वन बनाए रखने के लिए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की शपथ दिलाई। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि इंदौर ने स्वच्छता की तरह अब फिटनेस में भी नई पहचान बनाई है। वास्तव में इंदौर जो करता जो भी करता है अलग और अद्भुत करता है। उन्होंने कहा कि इंदौर के नागरिक स्वास्थ्य के लिए दौड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश का गौरव बढ़ रहा है और यह सामूहिक चेतना का अद्भुत उदाहरण है। फिटनेस का मूल आधार दौड़ है और इंदौर एक बार फिर देश के सामने मिसाल पेश कर रहा है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौरवासियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इंदौर न सिर्फ स्वच्छता, बल्कि हर क्षेत्र में देश-दुनिया में अग्रणी बन रहा है। उन्होंने दौड़ में शामिल नागरिकों के जज्बे को सलाम किया। देश और शहर सरकार से नहीं जनता के सहयोग से चलता है, हम आपके प्रतिनिधि हैं, यह स्वच्छ शहर इंदौर की जनता के सहयोग से ही नंबर वन शहर है। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि इंदौर स्वच्छता में सिरमौर शहर अपने अलग-अलग नवाचारों

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर) ।